श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 220, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 9 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट






Image credit: twitter.com/narendramodi




# जी20: भारत मंडपम: स्वागतम-स्वागतम

## जी20: शिखर सम्मेलन मानव-केंद्रित व समावेशी विकास को ले जायेगा आगे: पीएम मोदी

**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन के पूर्व यह विश्वास व्यक्त किया है कि शिखर सम्मेलन मानव-केंद्रित और समावेशी विकास में एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि वे आशा करते हैं कि अगले दो दिनों में विश्व नेताओं के साथ उनकी सार्थक चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि भारत प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए मानव-केंद्रित तरीके पर भी बहुत जोर देता है। वंचितों, पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के गांधीजी के मिशन का अनुकरण करना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने जी20 से जुड़ी अपनी गतिविधियों की जानकारी एक्स पर आज दी। उन्होंने बताया कि भारत को 09-10 सितंबर को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में 18वें जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करते हुए खुशी हो रही है। यह भारत द्वारा आयोजित किया जाने वाला पहला जी20 शिखर सम्मेलन है। वे अगले दो दिनों में विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा की आशा करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे सांस्कृतिक लोकाचार में निहित, भारत की जी20 प्रेसीडेंसी थीम, 'वसुधैव कुटुंबकम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' हमारे विश्व दृष्टिकोण के साथ गहराई से मेल खाती है कि पूरी दुनिया एक परिवार है। भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्य-उन्मुख रही है। हमने ग्लोबल साउथ की विकासात्मक चिंताओं को सक्रिय रूप से आवाज दी। उन्होंने कहा कि मित्रता और सहयोग के बंधन को और गहरा करने के लिए कई नेताओं और प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों के साथ वे द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। उन्हें विश्वास है कि हमारे मेहमान भारतीय आतिथ्य की गर्मजोशी का आनंद लेंगे। राष्ट्रपतिजी 9 सितंबर को रात्रिभोज का आयोजन करेंगी। 10 तारीख को नेता राजघाट पर गांधीजी को श्रद्धांजलि देंगे। समापन समारोह में, उसी दिन, जी20 नेता एक स्वस्थ 'एक पृथ्वी' के लिए 'एक परिवार' की तरह मिल कर एक स्थायी और न्यायसंगत 'एक भविष्य' के लिए अपने सामूहिक दृष्टिकोण को साझा करेंगे।

### घोषणापत्र विकासशील देशों की आवाज होगा: कांत



**नई दिल्ली:** जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन से संबद्ध नई दिल्ली लीडर्स घोषणापत्र वैश्विक दक्षिण यानी विकासशील देशों की आवाज होगा। इसे तैयार कर लिया गया है। इसे वैश्विक नेताओं के समक्ष विचार के लिए रखा जाएगा। सर्वसम्मति बनने के बाद इसे जारी किया जाएगा। दुनिया की 20 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी-20 की नई दिल्ली में शिखर वार्ता शुरू होने से पहले प्रगति मैदान में स्थापित अंतरराष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित विशेष पत्रकार वार्ता में अमिताभ कांत ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप भारत ने जी-20 अध्यक्षता के दौरान इसे समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्योन्मुख बनाने का प्रयास किया गया है। हमने प्रयास किया है कि इसमें वैश्विक दक्षिण यानी विकासशील देशों को प्राथमिकता मिले और उन्हें अपने सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में सहयोग प्राप्त हो।




### 'भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' के विचार को आगे बढ़ रहा'

**अमिताभ** कांत ने कहा कि भारत ने ऐसे समय में 'वसुधैव कुटुंबकम' के विचार को आगे बढ़ाने को सोचा और समूह के प्रयासों को समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्योन्मुख बनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि जी-20 से जुड़ी हमारी प्राथमिकताएं वैश्विक विकास को बढ़ाना, सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ना, हरित विकास को बढ़ावा देना यानी क्लाइमेट एक्शन, इन्हें पाने के लिए वैश्विक दक्षिण को वित्तीय मदद दिलाना और दुनिया में तकनीकी और डिजिटल इंफ्रॉस्ट्रक्चर बढ़े ताकि समावेशी विकास हो और महिला विकास एवं समानता रही।

## हिमाचल के दो शहरों को मिला स्वच्छता का राष्ट्रीय पुरस्कार

**शिमला: हिमाचल प्रदेश के दो औद्योगिक शहरों** परवाणू और काला अंब को प्रतिष्ठित स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023 राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है। इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के लोगों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार जिम्मेदार और पर्यावरण के प्रति जागरूक पर्यटन, स्थानीय समुदायों के सक्रिय सहयोग और सरकारी एजेंसियों के समन्वित व निरंतर प्रयासों के कारण संभव हो सका है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण के साथ संतुलन बनाए रखते हुए सतत विकास हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

झारखंड में जेएमएम, बंगाल में टीएमसी, केरल में कांग्रेस और यूपी में सपा ने लहराया परचम

## उपचुनाव: बीजेपी ने त्रिपुरा की 2, उत्तराखंड की एक सीट जीती

**नई दिल्ली/त्रिपुरा: देश** के छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव की मतगणना के नतीजे आने शुरू हो गए हैं। भाजपा ने त्रिपुरा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों सीटों पर जीत दर्ज की है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने बागेश्वर की जनता का आभार जताते हुए भाजपा की जीत की बधाई दी है। चुनाव आयोग के अनुसार, कांग्रेस उम्मीदवार चांडी ओमन केरल के पुथुपल्ली से जीत गए हैं। त्रिपुरा में बोक्सानगर से भाजपा उम्मीदवार तफज्जुल हुसैन ने 34146 वोट प्राप्त कर 30237 मतों के अंतर से चुनाव जीते हैं। इस सीट पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार मिजान हुसैन 3909 वोट हासिल करके 33,965 मतों के भारी अंतर से चुनाव हारे। इस सीट पर 434 लोगों ने नोटा पर बटन दबाया। राज्य की दूसरी विधानसभा सीट धनपुर से भाजपा उम्मीदवार बिंदु देवनाथ 30,017 वोट प्राप्त करके 18,871 मतों से चुनाव जीते। उनके प्रतिद्वंद्वी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार कौशिक चंद्रा को 11,146 मत हासिल हुए। वह 18871 मतों के अंतर से चुनाव हारे। इस सीट पर नोटा पर 533 लोगों ने विश्वास जताया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर बाबा बागनाथ की पवित्र भूमि बागेश्वर की देवतुल्य जनता को भारतीय जनता पार्टी पर पुनः विश्वास जताने पर आभार जताया




### घोषी में जनता की बड़ी सोच की जीत हुई: अखिलेश यादव

**लखनऊ:** मऊ के घोसी उपचुनाव में जारी मतगणना में समाजवादी पार्टी (सपा) लगातार बढ़त बनाए हुए हैं। 23वें राउंड के बाद सपा के सुधाकर सिंह ने भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान पर 27989 वोटों से बढ़त बनाई हुई है। इस बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने घोषी की जनता और अपने उम्मीदवार को हार्दिक बधाई दी है। सपा उम्मीदवार की भारी बढ़त को देखते हुए पार्टी कार्यालय पर समर्थक जश्न मनाने लगे हैं। अखिलेश यादव ने अपने ट्वीट में कहा कि घोषी में जनता की बड़ी सोच की जीत हुई है। ये सकारात्मक राजनीति की जीत है और साम्प्रदायिक नकारात्मक राजनीति की हार है। घोसी ने सिर्फ समाजवादी पार्टी के नहीं बल्कि 'आईएनडीए गठबंधन' के उम्मीदवार को जिताया है ।

## भारत को सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में देखना हर भारतीय की इच्छा : सीएम योगी



**गोरखपुर: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2047 मेंजब देश आजादी का शताब्दी महोत्सव महोत्सव मना रहा होगा तब हर राष्ट्रभक्त भारतीय के मन में भारत को समर्थ, सशक्त और दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में देखने की इच्छा होगी। हर भारतीय देश को दुनिया का नेतृत्व करते हुए देखने की इच्छा रखता है। सीएम योगी ने ये बातें शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में मेरी माटी मेरा देश कार्य्रकम के दौरान कहीं। उन्होंने भाजपा महानगर इकाई के अध्यक्ष राजेश गुप्ता को गोरखनाथ मंदिर परिसर की मिट्टी अमृत कलश में भरकर सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में भारत ने अपनी आजादी का अमृत महोत्सव पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ आयोजित किया। यह हम सबका सौभाग्य है कि आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में हम सबको नए भारत का दर्शन हो रहा है। पीएम मोदी ने नए भारत की 140 करोड़ की आबादी को आगामी 25 वर्ष की एक विस्तृत कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ने का एक अवसर दिया है।

सीएम योगी ने कहा कि सशक्त, समर्थ और शक्तिशाली भारत के लिए जो कार्यक्रम दिए गए हैं, उसी की श्रृंखला में विरासत के सम्मान वाले 'माटी को नमन वीरों को वंदन' कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के कार्यक्रम का शुभारंभ आज गोरखपुर में महानगर संगठन की तरफ से किया जा रहा है। इसमें गोरखपुर की माटी को अमृत कलश के साथ जोड़ने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर के हर नगर निकाय व हर विकासखंड से अमृतकलश एकत्र होकर लखनऊ और फिर दिल्ली के लिए जाएंगे। लखनऊ में जहां आजादी के अमृत कलश की स्थापना हुई है, उसी पवित्र स्थल पर एक अमृत कलश वाटिका स्थापित हो रही है ।

## सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग का तीसरा चरण अधिसूचित किया

**नई दिल्ली: केंद्र** सरकार ने सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग के तीसरे चरण को अधिसूचित कर दिया है। सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग के तीसरे चरण के तहत 55 जिलों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही अनिवार्य हॉलमार्किंग के तहत शामिल जिलों की कुल संख्या बढ़कर 343 हो गई है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के मुताबिक सोने के आभूषणों और सोने की कलाकृतियों की हॉलमार्किंग तीसरा संशोधन आदेश, 2023 के तहत अनिवार्य हॉलमार्किंग का तीसरा चरण 8 सितंबर, 2023 से लागू हो गया है। सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग के तहत 17 राज्यों के 55 जिलों को जोड़ा गया है। इसकी सूची भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की वेबसाइट पर हॉलमार्किंग अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध है। इससे पहले पहले चरण में बीआईएस ने देश के 256 जिलों और दूसरे चरण में 32 जिलों में अनिवार्य हॉलमार्किंग लागू करने में सफल रहा है, जिसमें चार लाख से अधिक सोने की वस्तुओं को हर दिन हॉलमार्क विशिष्ट पहचान (एचयूआईडी) के साथ हॉलमार्क किया जा रहा है।

विश्व बैंक ने जन-धन, आधार और मोबाइल तिकड़ी की सराहना की

## विश्व बैंक ने जी-20 दस्तावेज में भारत की प्रगति को सराहा




**नई दिल्ली: डिजिटल** सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) का भारत पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है। ये दायरा वित्तीय समावेशन से कहीं आगे है। विश्व बैंक द्वारा तैयार वित्तीय समावेश के लिए जी-20 वैश्विक साझेदारी दस्तावेज ने केंद्र सरकार के तहत पिछले दशक में भारत में डीपीआई के परिवर्तनकारी प्रभाव की सराहना की है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि विश्व बैंक के दस्तावेज में केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए अभूतपूर्व कदमों और डिजिटल पब्लिक इंफ्रॉस्ट्रक्चर परिदृश्य को आकार देने में सरकारी नीति और विनियमन की अहम भूमिका पर चर्चा की गई। भारत के डीपीआई दृष्टिकोण की सराहना करते हुए विश्व बैंक के दस्तावेज में कहा गया है कि भारत ने केवल छह वर्षों में वह हासिल कर लिया है, जो लगभग पांच दशकों में होता। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की वित्तीय समावेशन रणनीति जन-धन (जे), आधार (ए) और मोबाइल (एम) की जेएएम तिकड़ी पर निर्भर करती है, जो वित्तीय सेवाओं तक पहुंच के लिए अधिक कारगर खाता खोलने और भुगतान अनुप्रयोगों के लिए डिजिटल आईडी को एकीकृत करती है। जेएएम ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेश की दर को 2008 के 25 फीसदी से बढ़ाकर पिछले 6 साल में वयस्कों के लिए 80 फीसदी से अधिक कर दिया है।

अमेरिका, यूरोप और भारत बनाएं चीन के मुकाबले वैकल्पिक व प्रतिस्पर्धी मॉडल: राहुल गांधी

## रूस-यूक्रेन संघर्ष के मुद्दे पर विपक्ष सरकार के पक्ष से सहमत: राहुल

**ब्रसेल्स: भारतीय** विपक्षी दल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद राहुल गांधी का मानना है कि अमेरिका, यूरोप और भारत को मिलकर चीन के मुकाबले वैकल्पिक व प्रतिस्पर्धी मॉडल बनाना चाहिए। राहुल इस समय एक सप्ताह की यूरोप यात्रा पर हैं। इस यात्रा के दूसरे दिन बेल्जियम में ब्रसेल्स प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने चीन की गतिविधियों को चुनौती करार दिया। राहुल ने कहा कि चीन एक विशेष दृष्टिकोण पेश कर बेल्ट एंड रोड इनशिएटिव जैसे विचार सामने ला रहा है। चीन ने मूल रूप से यह दिखाया है कि एक जबरदस्ती के माहौल में प्रभावी ढंग से उत्पादन करना संभव है, जहां आप लोगों को आजादी नहीं देते हैं, जहां आप उनकी स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करते हैं लेकिन आप उन्हें राजनीतिक आजादी के बिना समृद्धि प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए चुनौती यह है कि क्या हम एक वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रदान कर सकते हैं, जहां हम राजनीतिक और आर्थिक आजादी के साथ लोकतांत्रिक परिस्थितियों में उत्पादन कर सकते हैं। अमेरिका, यूरोप और भारत के बीच बहुत सहयोग हो सकता है और यही वह जगह है जहां हमारा बहुत ध्यान जाना चाहिए। इंडिया बनाम भारत की बहस पर जुड़े सवाल के जवाब में राहुल ने कहा कि हमारे संविधान में जो नाम हैं, वे उनसे पूरी तरह खुश हैं। इंडिया यानी भारत मेरे लिए पूरी तरह से सही लगता है। इस पर हो रही प्रतिक्रियाओं को घबराहट भरा बताकर कहा कि यह ध्यान भटकाने की रणनीति है।



## एशिया कप: एसीसी ने की भारत-पाक मुकाबले के लिए रिजर्व डे की घोषणा




**कोलंबो: एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने भारत** और पाकिस्तान के बीच 10 सितंबर को यहां खेले जाने वाले सुपर फोर चरण के मैच के लिए एक आरक्षित दिन की घोषणा की है।

एसीसी के अनुसार, यदि भारत और पाकिस्तान के मैच के दौरान प्रतिकूल मौसम के कारण खेल रुकता है, तो मैच 11 सितंबर को वहीं से शुरू होगा, जहां से रोका गया था। ऐसी स्थिति में, टिकट धारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने मैच टिकट अपने पास रखें जो वैध रहेंगे और आरक्षित दिन के लिए उपयोग किए जाएंगे। इससे पहले, एशिया कप फाइनल में केवल रिजर्व डे था, लेकिन भारत और पाकिस्तान मैच के लिए भी अब रिजर्व डे रख दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### बच्चा चोर महिला धराई

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के बेरूई निवासी धर्मराज पटेल का आरोप है कि शुक्रवार को दिन में एक बजे उनके घर में एक महिला घुस गई। घर के अंदर वह बच्चा चुराने का प्रयास कर रही थी। घरवालों की नजर पड़ने पर शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर महिला वहां से भागना शुरू कर दिया। थोड़ी दूर पर ग्रामीणों ने महिला को पकड़ लिया। सूचना पर 112 नंबर पुलिस पहुंचकर महिला से पूछताछ करने लगी। पुलिस का कहना है कि महिला मानसिक रूप से अर्ध विक्षिप्त समझ में आ रही है। फिलहाल मामले की जांच किया जा रहा है।

### आकाशीय बिजली से भैंस की मृत्यु

**करछना।** प्रयागराज शुक्रवार को दोपहर बारिश एवं गरज के दौरान बसई गांव निवासी श्याम लाल की भैंस आकाशी बिजली गिरने से मौत हो गई बताया गया कि घर के बगल में भैंस चर रही थी उसी दौरान बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई।

# सफाई कर्मचारी की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर रखने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**सिर्फ सिर के मत्थे पर मिला है चोट ,तीन दिन से घर से गायब था कर्मचारी**

**केस नही दर्ज करने पर गौहनिया हाईवे पर चक्का जाम, डेढ़ घंटे जाम रहा रीवा बांदा हाईवे**

**चक्का जाम के बाद पहुंचे आला अधिकारियों की फटकार के बाद आखिरकार एसओ ने दर्ज किया केश**




**घूरपुर।** घूरपुर के गौहनिया बाजार निवासी सफाई कर्मचारी की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर रखने का आरोप लगाते हुए परिजनों समेत बाजार के लोगों ने जमकर बवाल किया। नामजद तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज नहीं की। पीएम से शव आने के बाद परिजनों ने पहले अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और केस दर्ज करने की मांग को लेकर घंटो अड़े रहे। उसके बावजूद भी पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ केस नही दर्ज किया तो लोगों का सब्र का बांध टूट गया और पुलिस के खिलाफ मिलीभगत का आरोप लगाते हुए गौहनिया ओवर ब्रिज के पास हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। जिससे पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

घूरपुर के गौहनिया बाजार निवासी ज्ञानेन्द्रे सिंह पटेल,(32 )पुत्र त्रिभुवन सिंह पटेल 6भाईयो में सबसे छोटा था। और जसरा बिकास खंड के खूजी गांव में सफाई कर्मचारी के रुप में तैनाती थी। बताया जाता है कि तीन दिन से कर्मी अपने घर नहीं आया था। शुक्रवार की सुबह घूरपुर के मुंबई रेल मार्ग के रेलवे ट्रैक के बीच में पड़े शव को लोगो ने देखा तो हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई तो ज्ञानेंद्र सिंह पटेल के रूप में पहचान हो गई। सूचना पर परिजन भी रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस भी पहुंची। और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रेन से टकराने को लेकर मौत की बात कही। वहीं परिजनो ने हत्या कर शव को रखने की बात कह पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हंगामा कर दिया। और पक्ष रखा कि शव के सिर के मत्थे पर ही चोट के निशान हैं और शरीर के अन्य किसी भी स्थान पर चोट के निशान नहीं है। यदि ट्रेन से टक्कर होती तो शव क्षत विक्षत हो गया होता। जबकि शव के साथ ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसी बीच कुछ लोगों ने परिजनो को बताया की घटना स्थल के समीप गांव के एक व्यक्ति के यहा गुरुवार की शाम कर्मी को देखा गया था। वहा पर अक्सर उसके साथ पार्टी होती थी और अक्सर आया जाया करता था। इसी बात को लेकर कुछ दिन पूर्व कर्मी के भाईयो ने उक्त व्यक्ति के यहा पर आकर अपने कर्मी भाई को मारा पीटा भी था। बावजूद कर्मी का आना जाना नही रुका और बुधवार की सुबह उसी के गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर कर्मी का शव मिला। पीएम हाउस से शव घर आने के बाद केस दर्ज करने के बाद ही अंतिम संस्कार करने पर परिजन दो घंटे अड़े रहे बावजूद पुलिस ने केस नही दर्ज किया तो आक्रोशित परिजनों ने भारी संख्या में भीड़ के साथ गौहनिया हाईवे पर शव को रखकर चक्का जाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। चक्का जाम की वजह से दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। रीवा बांदा हाईवे पर चक्का जाम की सूचना पर आला अधिकारियों के हांथ पांव फूल गए और चक्का जाम स्थल पर पहुंच घूरपुर एस ओ को फटकार लगा तत्काल नामजद आरोपियों पूर्व प्रधान बी पी पटेल निवासी देवरिया, संजय पटेल गड़रिनतारा, अरुण पंडित भीटा के खिलाफ केस दर्ज कराया तब जाकर आक्रोशितो का गुस्सा शांत हुआ और हाईवे खाली किए तब जाकर यातायात शुरू हुआ। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

### पत्नी बच्चों सहित परिजनों का रोरोकर बुरा हाल

सफाई कर्मचारी की मौत की खबर सुनकर पत्नी सुमन पटेल कई बार गश खाकर जमीन पर गिर गई महिलाएं ढांढस बंधा संभाल रही थी। वही मासूम बेटी हर्षिता, व बेटा आदित्य राज भी सन्न थे। माता पिता और भाईयो का भी रो रो कर बुरा हाल है।



## अधिकार, कर्तव्य व संस्कृति का बोध कराती है शिक्षा : एडवोकेट देवराज उपाध्याय

**अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस आयोजित गोष्ठी में बताया गया शिक्षित होने के लाभ**

**फूलपुर।** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विगहियां गांव में एक गोष्ठी एडवोकेट देवराज उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। गोष्ठी में उपस्थित लोगों को साक्षरता के महत्व के प्रति जागरुक करते हुए एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने कहा की शिक्षा के लिए प्रेरित करना और जागरूक करना ही साक्षरता मिशन है। उन्होंने बताया की भारत सरकार साक्षरता का स्तर बढ़ाने के लिए सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से कार्य कर रही है जिससे लोगों को साक्षर किया जा सके। साक्षर होने के लिए उम्र का कोई बंधन नहीं होता है ब्यक्ति कभी भी किसी भी उम्र में साक्षर हो सकते हैं। शैक्षिक महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा की आज हमारे वैज्ञानिक चांद का सफर तय कर रहे हैं इसके पीछे हमारी शिक्षा ही है। हम शिक्षा के माध्यम से ही अपने अधिकार, कर्तव्य, भाषा और संस्कृति को जान पाते हैं। गोष्ठी को लक्ष्मीकांत मिश्रा के साथ ही अन्य लोगों ने भी सम्बोधित किया। मौके पर दर्जनों की संख्या में बच्चे व ग्रामीण उपस्थित रहीं।

# सुधाकर सिंह की जीत इंडिया की जीत है सोमदत्त सिंह

**घोषी विधानसभा की जीत पर सपाइयों ने बांटी मिठाई**



अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** प्रयागराज उत्तर प्रदेश के घोसी विधानसभा के हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुधाकर सिंह के बड़े अंतर से हुए जीत पर सपाइयों ने कोरांव विधानसभा में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी की विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल ने कहा कि एनडीए के खिलाफ हुए विपक्ष के इंडिया गठबंधन को यह जीत का श्रेय जाता है और जिस तरह से हमारे नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुधाकर सिंह के पक्ष में रणनीति बनाई वह कामयाब हुआ घोसी विधानसभा के उपचुनाव में हुए पार्टी प्रत्याशी के जीत से कार्यकताओं में उत्साह की लहर है और यह मिशन 2024 के लिए एक शुभ संकेत है जिस प्रकार से पार्टी जनों ने एकजुट होकर घोसी विधानसभा में जीत का परचम लहराया है ठीक उसी प्रकार पार्टी एकजुट होकर आगामी लोकसभा के होने वाले चुनाव में समाजवाद का परचम लहराएगी। चर्चित किसान नेता और विधानसभा कोरांव के प्रभारी राजेश पांडे ने कहा कि एनडीए पर इंडिया भारी पड़ गई जिस प्रकार से घोसी विधानसभा के मतदाताओं ने जाति पाती धर्म मजहब से उठकर मतदान किया उसके लिए वहा की जनता को बहुत बहुत आभार आगामी आने वाले लोकसभा के चुनाव में ठीक इसी प्रकार सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का कार्य करेगी। इसी क्रम में मेहताब खान नगर अध्यक्ष ने कहा की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष घोसी विधानसभा में पीडीए मतलब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक का फामूर्ला रंग लाया वह आगे भी देखने को मिलेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से रविंद्र जैसल मंगला कोल नौशाद अंसारी अश्वनी पटेल अनुज जायसवाल कमलेश मिश्रा पप्पू शुक्ला विनय सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## क्षेत्र पंचायत संख्या 64 के उपचुनाव में सुनील कुमार यादव हुए निर्वाचित



**जसरा।** विकास खंड जसरा के रेरा ग्राम सभा के क्षेत्र पंचायत संख्या 64 का उपचुनाव में हुए मतगणना में शुक्रवार को विकास खंड के सभागार में मतगणना पुलिस बल की देख देख में शुरू हुआ। सुबह सवा 8 बजे से मतगणना शुरू होने पर निर्वाचन अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र पंचायत सदस्य के दोनों प्रत्याशियों में आगे पीछे का दौर चलता रहा। जिसमें सुनील कुमार यादव को कुल 448 मत मिला और उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहीं सुनीता पटेल को 353 मत मिले। निर्वाचन अधिकारी द्वारा सुनील पटेल को 93मत से विजयी घोषित किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि मतगणना पूरी पारदर्शिता के साथ सुरक्षा ब्यवस्था में सम्पन्न हुई। सुनील कुमार यादव को उनके समर्थक रामधनी पाठक, सुरेश मालवीय, धर्मेन्द्र यादव,पवन मालवीय, मुकुंद पाठक,अनिल यादव सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया।

## न्यूज झरोखा

### कुएं में गिरा आवारा पशु तड़पकर हुई मौत, ग्रामीण व प्रशासनिक टीम ने बाहर निकाला



**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत उचडीह बाजार शारदा माता के मंदिर के समीप प्रधान मुन्ना के घर के बगल कुआं में गिरा आवारा पशु , बता दे की काल गुरुवार के दिन शाम तकरीबन 6बजे के करीब आवारा पशु कुआं में गिर गया । सूचना पर पहुंची प्रशानिक टीम आवारा पशु को निकालने के लिए लेकिन रात होने के कारण कुआं में गंदगी के कारण निकालने में नाकामयाब रही । शुक्रवार की सुबह गांव के ग्रामीण व फायर ब्रिगेड प्रशासनिक टीम प्रभारी एसएस सिंह कांस्टेबल गंगा राम यादव, रुपेश यादव,रंजित चौहान और सोनबरसा गांव के रिक्शा चालक की मदद से आवरा पशु को निकाला गया। बता दे की रिक्शा चालक दिनेश कुमार बहोत ही बहादुरी दिखाते हुवे कुंआ के अंदर गया लेकिन घुटन के कारण वह 5मिनट ही अंदर रह पाया, फिर कुए में प्रशानिक टीम द्वारा दवा का छिड़काव किया गया। फिर दिनेश कुमार कुए में फिर 45मिनट रहने के बाद दो रस्सी से बांधकर ऊपर ला रहे थे ऊपर आ ही गया था तो एक रस्सी टूट गई लेकिन प्रशानिक टीम और गांव की कड़ी मेहनत से उसे बाहर निकाला गया लेकिन बता दे । ज्यादा देर पानी में रहने से पशु की मृत्यु हो गई । शायद उसे रात में ही निकाला जाता तो उसकी मृत्यु न होती ।

### चाकघाट रीवा से चुराई गई बाइक के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार




**शंकरगढ़।** चाकघाट रीवा (मध्य प्रदेश) से चुराई गई मोटरसाइकिल के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने की है। बाइक चोरी का केस चाकघाट थाने में दर्ज है। यह जानकारी देते हुए एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाने के सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह ने सेननगर तिराहे से सूरज वर्मन पुत्र पवन वर्मन (निवासी चुआ, परिहारिन टोला, थाना गुढ़, रीवा, एमपी) और राजेश पासी पुत्र स्व. बाबूलाल पासी (निवासी पंखा टोला, शंकरगढ़, मूल निवासी चौखंडी, अतरैला, रीवा, एमपी) को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक मोटरसाइकिल (यूपी70-डीएफ-9710) बरामद हुई है, जो रीवा के चाकघाट थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। शंकरगढ़ पुलिस ने धारा 411 के तहत दोनों का चालान भेज दिया है।

### विपक्ष की आवाज को दबाना संविधान की हत्या : डॉ दिनेश सोनी



**करछना।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक करछना मुख्यालय पर जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक को सम्बोधित करते हुए रंगराज सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल जन मानस में सरकार के प्रति आक्रोश है आने वाले समय में जनता ईंट का जवाब पत्थर से देंगे जिला महासचिव डॉ दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री व यू पी के मुख्यमंत्री कहते है कि गड्ढा मुक्त देश व गुण्डा मुक्त देश जबकि दोनों की भरमार है कागज की नांव ज्यादा दिन तक चलने वाली नहीं है बैठक को सम्बोधित करने वालों में सर्व श्री शिव विजय सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष विद्याधर मिश्र एडवोकेट सुरेश कुमार पटेल मंत्री जी नागेश पांडेय जिला सचिव प्रकाश पाण्डेय एंडो ब्लाक अध्यक्ष रविराज सिंह एडवोकेट सरोज मिश्रा ब्लाक अध्यक्ष राजू शुक्ल श्याम बाबू जी आशीष कुमार मिश्र एंडो विनय कृष्ण पाण्डेय एडवोकेट रशीद हैदर कौशलेंद्र गौड़ अकबाल बहादुर कुशवाहा रहे।

### शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंची पूर्व विधायिका



**मेजा।** मेजा विधान सभा क्षेत्र के मांडा ब्लाक के ग्राम सभा बभनी हेठार के भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश के पदाधिकारी नेता नीरज द्विवेदी के माता जी के देहांत हो जाने पर मेजा की पूर्व विधायक नीलम उदयभान करवरिया उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र शुक्ला,राहुल मिश्रा, जिला मंत्री युवा मोर्चा सबल तिवारी, पुष्कर तिवारी , लाल मिश्रा, विकास शुक्ला, धीरज दुबे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### निरिया गांव में दिखा विशाल अजगर को टीम ने किया रेस्क्यू



**करछना।** थाना क्षेत्र के निरिया गांव के नजदीक एक विशाल अजगर को देख कर भयभीत हो गए जिसकी सूचना गांव के पावन कुमार यादव ने जार्ज टाऊन वन विभाग रेस्क्यू टीम को दिया मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने विशालकाय अजगर का रेस्क्यू कर अपने साथ ले गयी,तब जाकर गांव के लोगों ने राहत की सास ली।

# दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के चेयरमैन हजारों ने सुशील कुमार मिश्रा जी उपस्थित रहे थे उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण का पूरा जीवन और हरकारे अनुकरण नहीं है श्रीकृष्ण कलाओं से युद्ध है और उनके कार्य एवं उनके द्वारा दिए गए उपदेश भगवत गीता के रूप में आज भी समाज के हर क्षेत्र को और हर व्यक्ति को दिशा प्रदान करते हैं बतौर अतिथि स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर स्वतंत्र मिश्रा भी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रशांत श्रीवास्तव जी ने किया तथा मुख्य रूप से सत्यम सिंह ने एवं कोआर्डिनेटर सूजन मिश्रा तथा तनुश्री गोस्वामी इत्यादि शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं इस कार्यक्रम में सभी शिक्षिकाएं यह सौदा माह के अनुरूप परिधान पहनकर आयी थी तथा बच्चे कृष्ण सुदामा राधा तथा गोपियों के रूप में तैयार होकर स्कूल में आए थे सबसे पहले बच्चों ने रासलीला इसके पश्चात झूला झूला तथा लड़के और लड़कियों के ग्रुप में दही हांडी कार्यक्रम की प्रतियोगिता कराई गई जिसमें दोनों ग्रुप में हांडी थोड़ा गया लड़कियों की टीम विजेता रही पूरे हर्षोल्लास के साथ हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल कि के नारे लगाते ही वे मटकी फोड़ी गई तथा भी भिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# सोनू सिंह हत्याकांडः पत्नी का प्रेमी निकला कातिल, सुरबल साहनी से गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश



**बारा।** कोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम भरथीपुर के रहने वाले सोनू सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने हत्यारोपी को क्षेत्र के सुरबल साहनी से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि हत्यारे का मृतक की पत्नी से अवैध संबंध है। अवैध संबंध में रोड़ा बन रहे सोनू सिंह की हत्या कर उसके शव को ठिकाने लगा दिया गया था। एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि 25 अगस्त को हुई सोनू सिंह की हत्या के प्रकरण में हत्यारोपी ऊदल कुमार पुत्र त्रिभुवन प्रसाद पटेल (निवासी हरदौन, कोरांव) को गिरफ्तार किया गया है। शंकरगढ़ क्षेत्र के सुरबल साहनी के पास से मुखबिर की सूचना पर हत्यारोपी को दबोचा गया,इसके बाद उसे लाकर उससे पूछताछ की गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से मृतक की पर्स, वोटर आईडी भी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ऊदल कुमार ने बताया कि उसका मृतक सोनू सिंह की पत्नी से प्रेम संबंध था। इसी कारण उसने योजनाबद्ध तरीके से सोन सिंह की हत्या की। इस हत्याकांड को अंजाम देने के लिए उसने अपने मित्र की भी मदद ली। पूछताछ में स्वीकारोक्ति के बाद पुलिस ने धारा 302, 201, 120बी, 34 के तहत आरोपी का चालान भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानेदार मनोज कुमार सिंह के साथ एसआई संतोष कुमार सिंह और कांस्टेबल सागर देवलिया, सिद्धार्थ मौर्य भी शामिल रहे।

# मेरी माटी- मेरा देश हाथ में कलश ले हर घर पहुंच रहे भाजपाई

अखंड भारत संदेश




**बारा/शंकरगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव की समापन बेला पर आयोजित मेरी माटी-मेरा देश के तहत शुक्रवार को घर-घर मिट्टी संग्रह करने का कार्य किया गया। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की अलग-अलग टीमों ने नगर पंचायत शंकरगढ़ के साथ-साथ समीपवर्ती गांवों में जाकर हर घर का दरवाजा खटखटाया और कलश आगे कर गृह लक्ष्मियों से मिट्टी प्राप्त की। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर यह अभियान आठ से 13 सितंबर तक सभी ग्रामसभाओं और नगरीय क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रत्येक घर से मिट्टी संग्रह करने के साथ उसे एक कलश में रखा जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाई जाएगी। ग्राम के सरकारी विद्यालयों में पीएम के संदेश की पट्टिका लगाई जाएगी। इसके अलावा ग्राम में पंच प्रण की प्रतिज्ञा का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी तरह नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक घर से एक चुटकी चावल, 75 पौधों की अमृत वाटिका बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के प्रथम दिन टीमों ने नगर व ग्रामीणांचल के शंकरगढ़ में मिट्टी व चावल एकत्रित किया, साथ ही मेरी माटी-मेरा देश अभियान के उद्देश्यों से भी लोगों को अवगत कराया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष (यमुनापार) विभवनाथ भारती, जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, रोहित केसरवानी, सुजीत केसरवानी, सतीश विश्वकर्मा, उमा वर्मा, मसुरियादीन वर्मा, कुलदीप सिंह, राकेश विश्वकर्मा, अरुण सिंह,मनीष सुसारी समेत दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

# ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल में राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत कर बच्चों ने मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

अखंड भारत संदेश



**सिरसा।** मेजा विकास खंड उरुवा अन्तर्गत हाई स्कूल तक अंग्रेजी माध्यम से मान्यता प्राप्त ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल मवैया रोड रामनगर मे कल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव वडे धूमधाम एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। बच्चों द्वारा रामा कृष्ण की झाकी प्रस्तुत कर सपी का मन मोह लिया। गौरी शिवांगी काजल जीया पांडे, आन्या तिवारी ,शिवांगी तिवारी सृष्टि तिवारी आदि बच्चो ने रामा कृष्ण के रूप मे बहुत मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। सरस त्रिपाठी वासुदेव के रूप मे श्री कृष्ण को पालने मे लेकर जाते हुए की झाकी सभी को विशेष रूप से आकर्षित किया । इस अवसर पर बच्चों द्वारा दही हाडी सजावट की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमे बच्चों ने तरह तरह की वहुत ही सुन्दर हाडी सजया। इस प्रतियोगिता में आराध्या केशरी ने सबसे अच्छी तरह से दही हाडी सजाकर प्रथम स्थान पर बाजी मारी। फीजा, खुशी एवं नगमा, ने क्रमशः मुकुट बनाने की प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया । स्कूल के प्रधानाचार्य शेष नाथ तिवारी ने विजयी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।

इस अवसर पर स्कूल के प्रवन्धक डॉक्टर नीरज कुमार द्वारा सभी विद्यार्थियों की कौशल की प्रशंसा करते हुए इस तरह से आयोजन करवाते रहने की अपनी पूनः वात दोहरायी। डाक्टर नीरज ने बताया कि यदि बच्चे इस तरह के गुण सिखते है तो भविष्य मे अपने माता पिता एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन अच्छे से करेगें। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती दूर्गा देवी ने श्री कृष्ण एवं राधा की पूजा एवं आरत कर सभी बच्चों का लड्डु खिलाकर श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाया। बच्चों के मनमोहन डांस की प्रससों किया एवं उनको भी पुरस्कृत किया।

## खबर संक्षेप

### घोसी उपचुनाव में सपा प्रत्याशी की जीत पर जश्न

**सहसों।** प्रदेश के रिक्त पड़ी विधानसभा सीट घोसी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को भारी जीत पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं में जश्न के साथ हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर महिला सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता श्रीवास्तव, विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद शकील इस्माइल, राम प्रताप पाल, जगदीश सिंह, महाबली यादव, आशुतोष त्रिपाठी, जितेंद्र बहादुर सिंह, राकेश यादव, कमलेश यादव सहित आदि सपाइयों ने पार्टी के मुखिया को बधाई देते हुए ने खुशी व्यक्त की।

### युवक को सरिया से मारकर किया घायल

**मऊआइमा।** नल पर पानी पीने गया यूवक को अज्ञात दबंगो ने सरिया आदि से मार कर बुरी तरह घायल कर दिए।यूवक ने चार अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के तिलक का पूरा गांव निवासी सुशील कुमार पुत्र शंकर लाल के मुताबिक वह स्टेशन के पास भैस चराने गया था प्यास लगने पर वह पास में लगा नाल पर पानी पी रहा था तभी चार अज्ञात हाथ मे सरिया आदि ले कर आये और सिर में मार कर बुरी तरह घायल कर दिए।सुशील कुमार ने चार अज्ञातों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# नवागत जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने संभाला कार्यभार

अखंड भारत संदेश

**2011 बैच के आईएएस नवनीत सिंह चहल इसके पूर्व जनपद अमरोहा, चंदौली, मथुरा एवं आगरा के जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत रह चुके है।**



**प्रयागराज।** नवागत जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कोषागार में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। 2011 बैच के आईएएस नवनीत सिंह चहल इसके पूर्व जनपद अमरोहा, चंदौली, मथुरा एवं आगरा के जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत रह चुके है। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात नवनियुक्त जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनसे सम्बंधित कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जनपद में आगामी आयोजित होने वाले एयरफोर्स डे, माघ मेला, चुनाव, महाकुम्भ-2025 जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी मिल-जुलकर टीम भावना के साथ कार्य करें। सभी कार्य एवं कार्यक्रम सकुशल ढंग से सम्पन्न होंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (नगर) मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति जे0पी0 सिंह, मुख्य कोषाधिकारी प्रत्यूष कुमार, सिटी मजिस्टेट सत्यप्रिय सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### प्रयागराज के कई होटल्स में सीजीएसटी विभाग का छापा

**प्रयागराज।** संगम नगरी के कई होटलों में सीजीएसटी विभाग ने एक साथ छापा मारा है। विभाग को इन होटलों में करोड़ों रुपयों की कर चोरी की के इनपुट मिले थे। कई टीमें इन होटलों के दस्तावेज, बिल, बाउचर और आय-व्यय का लेखा-जोखा देख रही है। सूत्रों के मुताबिक कई होटलों में हर महीने लाखों रुपयों की कर चोरी की बात सामने आ रही है।सिविल लाइंस स्थित रामा कॉन्टिनेंटल होटल में सबसे पहले सीजीएसटी विभाग ने छापा मारा। छापा पड़ते ही कर्मचारी इधर-उधर भागने लगे। टीमों ने सारे दस्तावेज, बिलिंग कम्पयूटर और आय-व्यय का लेखा-जोखा अपने कब्जे में ले लिया है। जांच चल रही है। करोड़ों की जीएसटी चोरी की सूचना पर सीजीएसटी की टीम कई गाडियों से पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।लगभग 32 लाख रुपए महीने के किराए पर रामा कॉन्टिनेंटल होटल लिया गया है। होटल को संचालित करने वाले लोगों ने शहर के कई बड़े होटल्स को लीज पर लिया है। इसके अलावा सीजीएसटी की टीम ने गोल्डन एप्पल व ट्यूलिप होटल में भी छापा मारा है। यहां भी टीम जांच कर रही है।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर पालने में सजाई गई मनमोहक झांकी



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** क्षेत्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूरे उत्साह के साथ मनाई गई। मंदिरों घरों व थानों में कृष्ण भगवान की धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की संगीत पर झूंसी थाने में सिपाही व दरोगा एक साथ झूम उठे। मंदिरों व घरों में लोगों ने राधा कृष्ण की पालने पर मनमोहक झांकी सजा कर 56 भोग लगाया था। राधा कृष्ण के गीत पर महिलाएं खूब नाची। रात 12 बजे जन्म होने पर सोहर गीत गाया गया। झूंसी थाने पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर, थाने के साथ-साथ कारागार को भी सजाया गया था। भक्ति संगीत में नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की संगीत बजते ही पूरा परिसर झूम उठा। दरोगा, सिपाहियों के साथ स्थानीय लोग भी नाचने लगे। थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने आये हुए लोगो का स्वागत किया। कार्यक्रम में क्रिया योग आश्रम के स्वामी योगी सत्यम, भाजपा गंगापार जिला अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव, पार्षद अनिल यादव, राजेश प्रधान, इंस्पेक्टर सुनील बाजपेई, दरोगा योगेंद्र सिंह, धर्मेंद्र यादव, संजय सिंह, ज्योति बंधन, राघव, अभिषेक सिंह, सहित सभी पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### शिफ्ट डिजार व वाइक में जोरदार टक्कर से दो युवक घायल एक की हालत गंभीर



**करछना प्रयागराज** के करछना थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरदहा मार्ग नहर कोठी के पास मोटरसाइकिल व शिप्ट डीजार चारपहिया में जोरदार टक्कर दो युवक गम्भीर रूप से घायल एक की हालत नाजुक चारपहिया वाहन चालक गाड़ी छोड़ फरार घायल युवक का नाम हंसराज पटेल पुत्र जंगीलाल निवासी भरहा करछना , बब्बू प्रसाद हरिजन पुत्र दरोगा निवासी करछना बड़ी चमरोटी बताया जा रहा बताया गया कि दोनों युवक एक मोटरसाइकिल से अपने घर से कहीं काम करने जा रहे थे, मौके पर पहुंचे परिजनों ने 108की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है वहीं कार को करछना पुलिस अपनी कस्टडी में ले लिया है

### ट्रैक्टर से कुचलकर किशोर की हुई मौत



**लालापुर।** क्षेत्र के नागनपुर गांव के पास शाम लगभग छः बजे ट्रैक्टर से कुचलकर एक किशोर घायल हो गया।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष लालापुर ने किशोर को अस्पताल भेजा जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लालापुर थाना क्षेत्र के महेरा गांव निवासी सुनील कुमार विश्वकर्मा का पुत्र मयंक उर्फ राज उम्र 15 वर्ष घर से नागनपुर गांव किसी काम से गया हुआ था।वापस आते समय नागनपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने उसके ऊपर चढ़ाते हुए रौंदते चला गया।आस पास मौजूद ग्रामीण दौड़कर आये तो ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया।ग्रामीणों ने चालक व ट्रैक्टर की पहचान कर लिया और लालापुर पुलिस को सूचना दिया।मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष लालापुर अजय मिश्र ने घायल को जसरा सीएचसी भेजा जहां डाक्टरों ने मयंक को मृत घोषित कर दिया।मृतक मां शिवकुमारी शुक्ल इंटर कालेज भटपुरा लालापुर में कक्षा आठ का छात्र था।मृतक पांच बहनों व दो भाइयों में तीसरे नंबर का था।मौत की खबर से घर में कोहराम मचा हुआ है।थानाध्यक्ष लालापुर अजय मिश्र ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

### पूर्व शिक्षक के आकस्मिक निधन पर शिक्षकों ने व्यक्त की शोक संवेदना

करछना। के प्राथमिक विद्यालय खजुरी द्वितीय पर शिक्षकों की एक शोकसभा शुक्रवार को प्राथमिक शिक्षक संघकरछना के ब्लॉक अध्यक्ष व जिला मंत्री शिव बहादुर सिंह की अध्यक्षता में हुई । जिसमें भडेवरा गांव निवासी रहे अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक कमलेश प्रसाद ओझा की गत दिवस हुई आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया गया । और आपस में दो मिनट का मौन रहकर मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई । शोक सभा का संचालन प्राथमिक विद्यालय खजुरी के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार मिश्र ने किया । इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री रावेंद्र मिश्र कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह मनोज कुमार मिश्र इंद्र भूषण तिवारी मनोज कुमार सिंह शैल कुमारी रंजना आदि शिक्षक और शिक्षिकाएं लोग मौजूद रही। इसी प्रकार करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी शुक्रवार को भडेवरा गांव पहुंचकर मृत ज्योतिषाचार्य कमलेश प्रसाद ओझा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की । और उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी। और कहा कि कमलेश ज्योतिषी यमुना पार के एक विख्यात ज्योतिषी के रूप में रहे। इस मौके पर एडवोकेट सतीश तिवारी भाजपा नेता नरेश सोनकर कपिल तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष भीरपुर अलख नारायण शुक्ल रामेश्वर द्विवेदी बनारसी पांडेय प्रदीप मिश्र मुलायम यादव वेदांत ओझा आदि लोग मौजूद रहे ।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान चोर उठा ले गए नगदी व लाखों के आभूषण



**करछना।** प्रयागराज थाना क्षेत्र के बीती रात बसही गांव निवासी बृजेश कुमार पुत्र स्वर्गीय गोकुल प्रसाद श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गांव के बगल में कीर्तन भजन पूजा पाठ में शामिल होने के लिए रात गए थे उसी दौरान उनके घर पर मौका पाकर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया कीर्तन भजन से लौटे घर देखे तो घर में दरवाजा खुला देख भव्चक रह गए अंदर जाकर देखा तो बॉक्स और अलमारी ताला सब टूटे हुए थे चोरी की आशंका से आसपास के लोगों को जगाया देखा तो घर में रखें बॉक्स गायब था जिसमें महिलाओं के जेवरात नगदी समेत लाखों रुपए का सामान गायब हो गया था सुबह होने पर सूचना 112 को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस और आसपास के लोगों ने देखा कि बगल के बाजरे के खेत में टूटा हुआ बॉक्स मिला जिसमें से सारा गहना नगदी? सब गायब था तीन से चार लाख रुपए के जेवर कीमती सामान वह 7000 नगदी चोरों ने हाथ साफ कर दिया पीड़ित ने संबंधित करछना पुलिस स्टेशन पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी है।

### भजनों से गुलजार रही रिजर्व पुलिस लाइन प्रयागराज में जन्माष्टमी की शाम




**प्रयागराज।** जन्माष्टमी की शाम को रिजर्व पुलिस लाइन प्रयागराज के मंच पर साइन भाई प्रयागराज की पारंपरिक भजनों की प्रस्तुति हुई, पूरे शहर की जनता कार्यक्रम का आनद लेने के लिए वहाँ उपस्थित थी, सभी श्रोतागणुओं को साई ब्रदर्स के भजनों ने मंत्र मुक्त कर दिया और सभी से खूब वाही लूटी।

### जन्माष्टमी मेले में प्रशासन के साथ तैनात रही एसपीओ टीम

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अंतर्गत पीएसी कॉलोनी में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। वहीं मेला देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।इस दौरान मेला देखने आए हुए लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो तथा शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपजिलाधिकारी करछना, एसीपी करछना, नैनी थाना प्रभारी एवं अपराध शाखा इंस्पेक्टर के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद, जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा के नेतृत्व में एसपीओ टीम के जवान पुलिस प्रशासन के साथ तैनात रहे उप प्रभारी परवेज अहमद,जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा, संगठन सचिव रविन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल, सहायक मीडिया प्रभारी संदीप विश्वकर्मा,समीर खान, प्रदीप कुमार, पंकज मलिक, सुशील शर्मा, सोनू भारतीया, बबलू भारतीया, तस्लीम खान, दिनेश कुमार सोनकर, अरविंद कुमार, सलीम, अश्वनी शर्मा, संजीव कुमार, अजीजुर्रहमान ,मो फिरोज मो नौशाद, मो आरिफ आदि एसपीओ टीम के सदस्यगण मौजूद रहे।

## हिस्ट्रीशीटर के घर के सामने पुलिस ने बजवाई डुगडुगी



**प्रयागराज।** उतरांव थाना क्षेत्र के चादोपारा में उपनिरीक्षक महेश चन्द निषाद के नेतृत्व में शुक्रवार को पहुंची टीम ने हिस्ट्रीशीटर के दरवाजे पर डुगडुगी पिटवाकर कोर्ट का आदेश पढ़कर लोगों को सुनाया। धारा 82 के तहत उसके दरवाजे पर कुर्की की उद्घोषणा से सम्बंधित नोटिस चस्पा कर दी गई।हिस्ट्रीशीटर शैलेंद्र दूबे पुत्र शेषधर दूबे के ऊपर कई मुकदमे पंजीकृत हैं। इसी में एक दफा 25 का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें आरोपी शैलेंद्र दूबे कई सालों से बार बार न्यायालय द्वारा बुलाए जाने पर उपस्थित नहीं हो रहा था। जिसमें न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी करने के बाद भी वो न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। जिसके बाद न्यायालय द्वारा 82 की कार्रवाई की गई।8 सितंबर शुक्रवार को एसआई महेश निषाद की अगुवाई में पुलिस बल की उपस्थिति में शैलेंद्र के घर कुर्की की मुनादी कराने के बाद नाटिस चस्पा की। पुलिस ने घोषणा की यदि शैलेंद्र कोर्ट में आत्मसमर्पण नहीं करता या गिरफ्तार नहीं किया जाता तो उसकी संपति कुर्क कर ली जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान मोहल्ले के लोगों की भीड़ जुट गई।ज्ञात हो कि शैलेंद्र दुबे उतरांव थाने का हिस्ट्रीशीटर है। जिसके ऊपर पूर्व में गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की जा चुकी है। उसके खिलाफ चित्रकूट, मानिकपुर व जीआरपी प्रयागराज समेत विभिन्न थानों में गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज.हैं।

## प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से हिम्मतगंज में की गई कार्रवाई



**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण) की ओर से लगातार अवैध निर्माण रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ लोग बिना नक्शा की स्वीकृति लिए ही मकान आदि का निर्माण करा रहे हैं। इसी क्रम में आज शुक्रवार को पीडीए की टीम हिम्मतगंज क्षेत्र में पहुंची थी। जोन-2 के जोन अधिकारी व संयुक्त सचिव अजय कुमार की मौजूदगी में सीलबंदी की कार्रवाई की गई। यहां तीन निर्माण को सील कर वहां पीडीए की ओर से बैनर लगा दिया गया है। निर्माण कराने वाले लोगों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि यहां किसी तरह का निर्माण नहीं किया जाना है और इसे किसी को बेचने की भी अनुमति नहीं है।यह तीन निर्माण जिसे किया गया सील हिम्मतगंज की नंदिनी चौरसिया द्वारा बिना नक्शा के भवन निर्माण कराया जा रहा था। पीडीए ने जब जांच पड़ताल की तो पता चला कि इसका नक्शा नहीं पास कराया गया है। प्रियांशु केसरवानी, रूबी केसरवानी द्वारा भी इसी तरह से बिना मानचित्र पास कराए ही निर्माण कराया जा रहा था। तीनों निर्माण स्थलों पर सील की कार्रवाई करते हुए कार्य को रोक दिया गया है।

## कान्हा का हुआ जन्म, लोगो ने दी बधाई

### श्री राम जानकी मंदिर में साज सज्जा से आकर्षण का केंद्र बना रहा मन्दिर परिषद



**नैनी।** नैनी दही की हांडी, बारिश की फुहार, माखन चुराने आये नन्दलाल, वृन्दावन की खुशबू, राधा कृष्ण का प्यार कन्हैया का नटखटपन, माँ यशोदा की फटकार, इन्ही रूपो को धारण कर श्री राम जानकी मंदिर परिसद में गुरुवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव। परिसद के सभी सदस्यो ने इस उत्सव मे बढ़ चढ़कर भाग लिया, कृष्ण झाँकी प्रस्तुत की गई तथा परिषद सदस्यो ने कृष्ण भजनो पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, कई तरह की प्रतियोगिता भी रखी गई, जीसमे क्लब सदस्यो ने भाग लिया और इनाम जिते। उत्सव का आयोजन प्रबंधक त्रिभुवन चौरसिया द्वारा किया गया। जिसमे मुख्य रूप से लखन लाल केसरवानी, संजय राठौर, चच्चू जायसवाल, अमित देववंश, गुड्डू, रीनू अग्रवाल, राजू अग्रवाल, सोनू गुप्ता, बिक्की गुप्ता, प्रभु कुशवाहा, शारदा केसरवानी, प्रदीप राठौर, आनंद जी राठौर अशोक गुरु डॉ मोनू केसरवानी सहित सभी व्यपारियों के सहयोग से यह उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसी क्रम में राहुल केसरवानी के यहाँ स्थित शिव मन्दिर में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गयी। जिसमे भगवान के प्रसाद का भोग लगाया गया। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

### विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



झूंसी। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम दुवार्सा प्रखंड रिठईया बाजार में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत मंत्री कृष्ण गोपाल उपस्थित रहे। प्रान्त मंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विहित का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना हिंदू धर्म की रक्षा करना और समाज की सेवा करना है। इस दौरान धमार्चार्य संपर्क प्रमुख आध्या शंकर मिश्रा, भूपेंद्र, गौरव, सचिन प्रताप, अभिषेक, सत्येंद्र, आदित्य आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री विनय त्रिपाठी ने किया।

### हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी जन्माष्टमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया अवसर पर लंकापुरी कालोनी नैनी के पास हनुमान मंदिर में भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर कान्हा का जन्म हुआ, इस अवसर पर एक दूसरे ने बधाईया दी व माखन चोर के भजनो पर जमकर श्रद्धालुओं ने डांस किया। जय श्रीकृष्णा, श्री बांके बिहारी लाल की जय, जय खाटू श्याम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया। इस मौके पर संतोष देवी, नीतू गुप्ता, रानी, एकता, सूरज, राशि, दिनेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता अजीत गुप्ता सहित तमाम भक्तो ने भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी की आराधना की।

### लम्पी स्किन डिजीज रोकथाम : पशुपालकों के लिये आवश्यक सूचना

**प्रयागराज।** लम्पी स्किन रोग गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं की विषाणु जनित रोग है। यह रोग पशुओं में मक्खी एवं मच्छरों के काटने से होता है। जनपद प्रयागराज में रोग के संरक्षण/ फैलाव/ प्रसार हेतु पशुपालन के कर्मियों/ कर्मचारियों द्वारा अभियान चलाकर गोवंशीय पशुओं का निःशुल्क टीका लगाया जा रहा है। साथ में ही पशुपालकों की सुविधा हेतु एक कंट्रोल रूम डा पी0के0 सिंह, उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, सदर, भरद्वाज, मोबाइल नं0- 8318299324 द्वारा संचालित किया जा रहा है।

### अवंतिका कालोनी मे सफाई व्यवस्था चरमराई, अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**जनप्रतिनिधि वोट के एवं प्रशासन नोट के जुगाड़ मे व्यस्त**

**नैनी।** नैनी अवंतिका कालोनी मे जहा एक ओर नागरिक सुविधाये ध्वस्त हो चुकी है, वही दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों का क्षेत्रीय जनता से कोई जुड़ांव, लगांव नही है। लोगों का मानना है कि जनता की वोट से जीते नेता अब जनता के बजाय शासन के प्रतिनिधि ही बन अपनी जीत हेतु वोट की जुगाड़ मे व्यस्त है तो वही प्रशासन नोट मे व्यस्त है। अवंतिका के नगर निगम मे शामिल होने तथा नगर निगम चुनाव के बाद से कालोनी मे लगे सफाई कर्मी गायब है। वर्तमान मे डेगू आदि का प्रकोप फैल रहा है। सफाई की कोई व्यवस्था नही है, खासकर गलियों मे वर्षों से सफाई नही हुई है। दवाइयों का छिड़काव भी नही हो रहा है। स्ट्रीट लाइटो का बुरा हाल है। बस्ती के मध्य गंदा नाला सफाई के अभाव मे पटा हुआ है। अवंतिका विकास समिति से जुड़े सम्भ्रांत नागरिकों ने पेयजल आपूर्ति की ध्वस्त व्यवस्था के प्रति घोर चिन्ता व्यक्त की है। कालोनी वासियों ने शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की कार्य प्रणाली की कटु आलोचना करते हुए सभी नागरिको से एक जुट होकर व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की है। अपील करने वालो मे बद्री प्रसाद मिश्रा, संजीव गुप्ता, गंगा प्रसाद ठाकुर, एन पी मिश्रा, अशोक जायसवाल, सुनील साहनी, सुनील श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह, आशीष मोसेस, नागेन्द्र सिंह, हिमांशू मिश्रा, सुभाष चन्द्र, मीना जायसवान, बिन्दू राठौड़, अन्जुम नाज आदि शामिल रहे।

## कौंदी टोंस नदी से धकेले गए युवक की झरखोरी में मिली लाश

**परिजनों ने की शिनाख्त पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**कोरांव।** खीरी थाना क्षेत्र के कौंदी पुल से टोंस नदी में धकेले गए युवक का शव झारखोरी गांव में नदी में तैरता हुआ पाया गया। शाम 7 बजे के करीब ग्रामीणों ने देखा कि नदी के किनारे शव तैर रहा है जिसे खींचकर बाहर निकाला तो सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने शिनाख्त की जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक कुलदीप शर्मा पुत्र छेदीलाल शर्मा (22) निवासी जारी बाजार गुरुवार को सुबह 11 बजे के आसपास अपने फूफा के घर कौंदी थाना खीरी आया हुआ था। प्रत्यक्ष दर्शियों का आरोप है कि कौंदी गांव के उसके फूफा व कुछ लोगों के द्वारा उसे चोर चोर का कर दौड़ा लिया गया था और पड़कर उसे पीटने के बाद टोंस नदी के कौंदी पुल से उसे बहते हुए पानी में धकेल दिया गया था। धकेलने वाले लोग तब तक वहीं खड़े रहे जब तक वह पानी में डूब नहीं गया। जब वह डूब गया तो धकेलने वाले लोग वहां से फरार हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस तत्काल गोताखोरों की मदद से खोजबीन में जुट गई थी। लेकिन उसका शव बरामद नहीं हो सका था। शुक्रवार शाम 7 बजे के करीब टोंस नदी के झारखोरी गांव में उसका शव तैरता हुआ देखा गया। जिसके बाद उसे बाहर निकला गया और परिजनों के द्वारा शिनाख्त करने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ज्ञातव्य हो कि युवक कुलदीप शर्मा बुआ के घर पहले से खड़ी बाइक को ले जाने के लिए आया हुआ था। जहां उसे चोर चोर कह कर दौड़ा लिया गया था। पकड़कर मारने पीटने के बाद नदी में धकेल दिया गया था। 24 घंटे के अधिक समय के बाद उसका शव शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारीबारी चौकी अंतर्गत झरखोरी गांव से बरामद हुआ। मृतक दो भाई व दो बहनों में दूसरे नंबर का था। परिजनों ने खीरी पुलिस को फूफा भाई लाल शर्मा व अन्य पर हत्या कर शव नदी में फेंकने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने बताया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामला हत्या का है अथवा पानी में डूब कर मौत का यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।


## अदालती सूचना

**न्यायालय उप जिला अधिकारी चायल जनपद कौशांबी**

**वाद संख्या टी 20 23024 2050 45 21 सन 2023**

**बलवीर सिंह आदि बनाम उत्तर प्रदेश सरकार**

**धारा 38(1 )उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता मौजा बसेढी उपरहार परगना तहसील चायल जनपद कौशाम्बी**

उपरोक्त मुकदमे में माननीय न्यायालय ने प्रतिवादी गण राम सुरेमन सिंह वा ताराचंद पुत्र गण बलराम एव चिंतामणि सिंह वा कृष्ण कुमार सिंह पुत्रगण सुखराम एव शत्रुघ्न सिंह वा उग्रसेन सिंह वा अभिमन्यु सिंह वा बुद्धसेन सिंह वा श्रवण कुमार पुत्र गण गोवर्धन एव गिरिजा देवी पत्नी नंद गोपाल सिंह एवं अनार देवी पत्नी रामबाबू सिंह एवं भारत सिंह वा शिव बाबू वा संजय वा लक्ष्मी नारायण नाबालिग पुत्रगण रामबाबू समस्त निवासी बसेढी उपरहार परगना तहसील चायल जनपद कौशांबी को निर्देशित किया है कि 12 सितंबर 2023 को स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होकर दस्तावेजों को पेश करें जबाव दाखिल करे अनुपस्थित रहने पर एक पक्षीय रूप से मुकदमे को सुनकर निस्तारित किया जाएगा।

**न्यायाधीश उप जिलाधिकारी न्यायालय चायल जनपद कौशांबी**
**हस्ताक्षर मुद्रा सहित जारी**

# पौधों के जियो टैगिंग की कार्यवाही पूर्ण न होने पर होगी कार्यवाहीः डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में जिला गंगा एवं पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के मानस सभागार में जिला गंगा एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा को निर्देशित किया कि शहर के गन्दे कचड़े को किसी नाले व नदी में न गिराये और सॉलिड बेस्ड का उपचार कर जैव निपटान (बायोडिस्पोस्ड) किया जाये। वन विभाग के अधिकारी एवं जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि गंगा के ग्रामों में जमीन को उपजाऊ बनाने हेतु कृषको को औषधीय पौधों एवं वृक्षारोपण हेतु कृषकों को जागरूक करें।



पर्यावरण समिति की बैठक में बोलते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

बैठक में उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि प्रमुख घाटों पर प्रदूषण श्रोतों के उद्गम के कारको पर निवारण हेतु जागरूकता बोर्ड लगवाये जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 22 जुलाई एवं 15 अगस्त को जो पौधे रोपित किये गये थे उन पौधों की जियो टैगिंग हेतु सम्बन्धित विभागों को यूजर आई0डी0 पूर्व में उपलब्ध करा दी गयी थी एवं सम्बन्धित विभाग अपने लक्ष्य के सापेक्ष जियो टैगिंग की कार्यवाही शत प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करे, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जायेगा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर रोपित किये गये अमृत वाटिका में पौधों के जियो टैगिंग की शत प्रतिशत सफलता हेतु उचित सिंचाई व देखरेख की सूचना सम्बन्धित विभाग प्रेषित करें। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 75 पौधों का रोपण कर अमृत वाटिका बनायी जायेगी, शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक ग्राम पंचायत 75 पौधों का रोपण किया जायेगा जिस पर जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामसभा की सूची तैयार कर ली जाये जिससे उनको पौधा उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य सहित सम्बन्धित अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब प्रतापगढ़ शक्ति ने शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

## राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब प्रतापगढ़ शक्ति के तत्वावधान अंतर राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन नगर के एक रेस्टोरेंट में किया गया तथा शिक्षा के क्षेत्र में स्वेच्छा से जनमानस की भलाई हेतु निस्वार्थ भावना से अग्रणी कार्य करने वाले शिक्षकों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मान पत्र एवं अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया सम्मानित होने वालों में मुख्य रूप से एकेडमिक रिसोर्स पर्सन डॉ नीलम सिंह ब्लॉक सदर, मोहनगंज प्राथमिक विद्यालय की सहायक अध्यापिका माधुरी पांडे, सराय गोविंद राय मांधाता की सहायक अध्यापिका पुष्पा



लायंस क्लब प्रतापगढ़ शक्ति द्वारा सम्मानित शिक्षिकाएं।

श्रीवास्तव, राम प्रसाद सिंह इंटर कॉलेज पट्टी की प्रधानाचार्य रितु सिंह शामिल रहीं। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष अनीता पांडेय ने कहा कि लोगों को साक्षर बनाना हम सबका दायित्व है। इस क्षेत्र में सम्मानित किए जा रहे शिक्षकों का अमूल्य योगदान है। सेक्रेटरी पिंकी दयाल ने कहा कि समाज को प्रेरणा देने वालो का सम्मान करना हम सबका दायित्व है जिससे दूसरे लोग भी प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सारिका श्रीवास्तव, प्रमिला शुक्ला, कोषाध्यक्ष मीना पुष्पाकर, संस्थापक अध्यक्ष प्रतिभा भगवान, डिस्ट्रिक्ट चेयर परसन डॉक्टर अवंतिका पांडे, सारिका केसरवानी, रागिनी श्रीवास्तव तथा मनप्रीत कौर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास से मना पुलिस लाइन में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

## कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गये। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए जिसमें पुलिस जनों के परिवारजन भी शामिल रहे।

उधर नगर कोतवाली प्रतापगढ़ में इस वर्ष बड़े ही धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। नगर कोतवाल सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोतवाली नगर में सभी पुलिसकर्मी भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव में भाग लेने के बाद प्रसाद ग्रहण किये। सभी महिला एवं पुरूष पुलिसकर्मी व चैकीदार ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कोतवाली में श्री कृष्ण की सुंदर झांकी सजाई गई थी जहां एक तरफ भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति पालने में सजी हुई थी तो वही दूसरी तरफ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने आये कलाकार भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी का रोल कर सभी का मन मोह लिए। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी विद्यासागर मिश्रा, सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता, नगर कोतवाल सत्येंद्र सिंह, एसआई राजकुमार मिश्रा, एसआई अमित मिश्रा, एसआई वरुण सिंह, एसआई सतीश राय, एसआई घनश्याम सिंह, हरेंद्र मिश्रा, प्रेस क्लब अध्यक्ष आदित्य मिश्रा आदि मौजूद रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

## पट्टी के विभिन्न थानों में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी क्षेत्र के विभिन्न थानों में धूमधाम से जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। आसपुर देवसरा, पट्टी, कंधई थाने में सजावट से परिसर गुलजार रहा। जंहा प्रसाद का वितरण भी किया गया। प्रतापगढ़ जनपद के कंधई थाना परिसर में कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गली, मोहल्ला, बाजारों में हर तरफ कृष्ण जन्माष्टमी की धूम मची रही। वहीं घरों, मंदिरों में झांकियां सजाई गई। कृष्ण भक्तों ने पूजा पाठ करके व उपवास रखकर कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया। वहीं कंधई थाना पुलिसकर्मियों ने कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाया। थाने में दूर दराज से आए लोगों ने थाना परिसर में सजावट की जमकर सराहना की। त्योहार पर भी घर से दूर होने पर थाने पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों ने बेहद धूमधाम से त्योहार मनाया। इस दौरान थानाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सभी पुलिसकर्मी पूजा पाठ और थाना परिसर में प्रसाद वितरण करते रहे। इसके पश्चात उपनिरीक्षक जिलेदार पाल, मृत्युंजय पाण्डेय, महिला व पुरुष पुलिसकर्मी और प्रेस क्लब अध्यक्ष आदित्य मिश्रा व क्षेत्रीय प्रधान,स्थानीय व्यापारी आदि लोग मौजूद रहे।



राष्ट्रीय परशुराम सेना के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

## दीपक पहलवान व महेंद्र शुक्ला को किया गया मनोनीत

### राष्ट्रीय परशुराम सेना का हुआ विस्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के अनुमोदन पर प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी एडवोकेट व जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय एडवोकेट के नेतृत्व में संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों से विचार करके कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए दीपक दूबे पहलवान को नगर अध्यक्ष प्रतापगढ़ व महेंद्र शुक्ला को राष्ट्रीय परशुराम सेना व्यापार मंडल का सदर विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही तहसील ब्लॉक इकाई में परिवर्तन किया गया। जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना संगठन द्वारा निरंतर जनहित में कार्य किया जाता रहता है संगठन का उद्देश्य ब्राह्मण समाज के कमजोर लोगो को आर्थिक सहायता प्रदान करने के साथ ही समाज पर होने वाले अन्याय अत्याचार भेदभाव के खिलाफ आवाज बुलंद करना है संगठन की एकजुटता ही हमारी मजबूती है। मनोनीत पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सौंपी गई जिम्मेवारी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाने का विश्वास दिलाया। इस दौरान दिनकर दुबे एडवोकेट रंजन शुक्ला एडवोकेट, ओम प्रकाश तिवारी एडवोकेट, मनीष दुबे एडवोकेट, पंकज पांडेय एडवोकेट, दिनेश मिश्र, अंकित पाठक एडवोकेट, अंकित दुबे एडवोकेट, पार्थ द्विवेदी एडवोकेट, अभिषेक दुबे एडवोकेट, दीपक मिश्र एडवोकेट, ज्ञानचंद दुबे एडवोकेट, नवीन त्रिपाठी एडवोकेट, आशीष मिश्र एडवोकेट सहित भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चा बैंक ने निकाली साक्षरता जागरूकता रैली

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वधान में रैली निकालकर आम जन को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। फ्री स्टडी सेंटर भंगवा से निकली रैली में छात्र हाथों में तख्ती लिए नजर आए। जिस पर लिखा नारे शिक्षा से फैलेगा उजियारा, सब पढ़े तभी आगे बढ़ेगा देश नारा लगाते हुए छात्र चल रहे थे। रैली भंगवा, किना का पुरवा और जोगापुर होते हुए। फ्री स्टडी सेंटर पर आकर समाप्त हुई। इस मौके पर प्रिंसिपल शनि ने कहा कि साक्षर होने बहुत ही जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि उन्हें अपने पाल्यो की शिक्षा की तरफ ध्यान देना चाहिए। शिक्षा हमें एक अच्छा इंसान बनाती है। इस मौके पर प्रिंस, नैतिक, मुस्कान, आर्यन मौर्य समेत कई छात्र रैली का हिस्सा।

## सार्टसर्किट के चलते दो घरों की गृहस्थी हुई खाक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** ~~अचानक बिजली के~~ सार्टसर्किट के चलते छप्परनुमा मकान जलकर खाक हो गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे तुला उपाध्याय में शुक्रवार को सार्टसर्किट होने से दो घरों में आग फैल गयी। गांव के बनवारी के पुत्र भानू सरोज के घर अचानक आग देख परिजन चीखने चिल्लाने लगे। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया किंतु तब तक आग की लपटें पडोसी रमई के पुत्र सजन लाल के भी घर फैल गयी। आगजनी के चलते दोनों घरों में गृहस्थी के सामान जलकर नष्ट हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर फायर ब्रिग्रेड पहुंची। फायर बिग्रेड व ग्रामीणों के प्रयास से आग नियंत्रित हो सकी।

## सभासद फूल कुमारी गुड़िया सम्मान से सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम की प्रबन्ध समिति द्वारा कटरा गुलाब सिंह नगर पंचायत के गौरा वार्ड की सभासद फूल कुमारी पटेल को गुड़िया सम्मान से सम्मानित किया गया। फूल कुमारी को यह गुड़िया सम्मान क्षेत्र व समाज की प्रबुद्ध संस्था भयहरण नाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा आज उनके आवास पर प्रदान किया गया। भयहरण नाथ धाम के महासचिव सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने सम्मानित करते हुए कहा की फूल कुमारी ने नगर पंचायत के गौरा वार्ड से प्रथम सभासद होने का गौरव प्राप्त किया है। एक स्वावलंबी महिला नेता के रूप मे निरंतर फूल कुमारी अपनी टीम के साथ समाज मे अपना सामूहिक विकास व मुकाम हासिल कर रही है। बता दें कि यह सम्मान 21 अगस्त नागपंचमी के अवसर पर भयहरण नाथ धाम मे दिया जाना था परंतु आवश्यक कार्यवश उंहे पहले ही जाना पडा था। इस अवसर पर साहित्य भूषण सम्मान से बिभूषित जन कवि प्रकाश, भयहरण नाथ धाम के अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल, महासचिव समाज शेखर, सचिव राज किशोर मिश्र, विधि परामर्शी रमा शंकर मिश्र और फूल कुमारी के प्रतिनिधि बाबू लाल वर्मा आदि संयुक्त रूप से सम्मानित किया।

## दो आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट का मुकदमा

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के पास से अवैध तमंचा समेत कारतूस बरामद करने मे सफलता ली है। लालगंज कोतवाली में तैनात दरोगा शिशिर पटेल सात सितंबर की रात फोर्स के साथ गश्त कर रहे थे। इस बीच लालगंज कालाकांकर हाइवे पर भेभौरा तिराहे पर दो संदिग्ध पुलिस को देख भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर इन्हें दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी मिजार्पुर जनपद के कछवा निवासी निजाम राईन के पुत्र राजन राईन व मिजार्पुर के ही कछवा थाने के करसडा निवासी पप्पू के पुत्र महेश के पास से कारतूस व तमंचा बरामद हुआ। आरोपी महेश के पास से तमंचा व एक कारतूस तथा आरोपी राजन के पास से दो कारतूस पुलिस ने बरामद किया। आरोपियों के खिलाफ दरोगा की तहरीर पर गुरूवार की रात आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया गया। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।



बच्चों की लम्बाई की जांच करते अधिकारी।

## एनसीसी की परीक्षा में 40 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** 18 यूपी बटालियन की तरफ से स्वामी करपात्री इंटर कालेज रानीगंज एवं कालूराम इंटर कालेज शीतलागंज प्रतापगढ़ के एनसीसी प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु परीक्षा कराई गई जिसमें सर्वप्रथम बच्चों की लम्बाई नापी गई। उसके बाद दौड़ कराई गई। अंत में लिखित परीक्षा कराई गई जिसमें स्वामी करपात्री इंटर कालेज रानीगंज के 40 परीक्षार्थी परीक्षा देने आए। यह परीक्षा स्टेडियम परिसर में आयोजित की गई। परीक्षा का संचालन बटालियन के कमांडिंग आफीसर एल श्रीनिवासन, सुबेदार मेजर, हुकुम सिंह, टेजनिंग जेसीओ सुबेदार दल बहादुर सिंह, सुबेदार इम्तियाज खान, सुबेदार विकास राय, विद्यालय के एनसीसी अधिकारी, कैप्टन राकेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# गैस उपभोक्ताओं से सरकार ने नौ वर्षों में मचाई लूटः लालजी त्रिपाठी

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता कर सरकार पर बोला हमला



पत्रकारवार्ता में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी पर आज जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को दिये जाने वाले गैस सिलेण्डर के नाम पर सरकार ने लूटा है और अब चुनाव को देखते हुए दो सौ रुपये की छूट देकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद रहे। वह अमीरों को अधिक अमीर और गरीबों को अधिक गरीब बना रही है। एलपीजी सिलेण्डर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण लोगों को हो रही पीड़ा की सरकार को कोई परवाह नहीं है। श्री त्रिपाठी ने हका कि एलपीजी के सिलेण्डर की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी और 9 वर्ष में तीन गुना हो गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष का आरोप है कि मोदी सरकार ने रसोई गैस का दाम बढ़ाकर 31.37 करोड़ रुपये लूटा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकारों ने महंगाई इस कदर बढ़ाई कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया। अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होने का दावा करने वाली सरकार देश में 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन इसलिये दे रही है कि उनके पास दो जून की रोटी नहीं है।

## हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास

### प्रत्येक को बीस-बीस हजार रुपये का लगा अर्थदण्ड

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने हत्या के एक मुकदमे में अभियुक्त चंदन तिवारी सुत राजेन्द्र तिवारी निवासी देउम पश्चिम सांगीपुर व सौरभ सिंह सुत सुनील सिंह निवासी पूरे बक्स पिचूरा थाना सांगीपुर को भादवि की धारा 302/34 में सश्रम आजीवन कारावास तथा बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से भादवि की धारा 504 में प्रत्येक को दो वर्ष की सजा तथा दोनों को दस-दस हजार रुपये अर्थदण्ड तथा धारा-506 में तीन वर्ष की सजा से दण्डित किया। जुमार्ना की धनराशि का आधा भाग मृतक के पिता को दिया जाएगा।

बता दें कि 24 फरवरी 2019 को शाम पांच बजे राकेश तिवारी अपने पुत्र निखिल तिवारी के साथ साइकिल से देउम पश्चिम निमंत्रण में जा रहा था। देउम पश्चिम के पास पल्टर मोटरसाइकिल को हाथ देकर रोक लिया। रोकने में चंदन तिवारी व सुशील सिंह थे। चंदन ने कहा कि तुम्हारा बेटा गुण्डा बन रहा है। यह दोनों मां, बहन की गालियां देने लगी। जब उसने गाली देने से मना किया तो चंदन ने तमंचा निकालकर कनपटी पर रख दिया और कहा कि मुंह बंद कर लो, नहीं तो बाप-बेटे ऊपर जाओगे। चंदन के इतना कहते ही सौरभ ने तमंचा निकाला और निखिल के सीने पर कर दिया। इस दौरान विरोध पर चंदन ने आवेश में आकर तमंचे से गोली चला दी जिससे सीने में गोली लगी और वह जमीन पर गिर पड़ा। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े, तब दोनों लोग मोटरसाइकिल से भाग गये। निखिल को तुरंत सीएचसी सांगीपुर ले जाया गया जहां निखिल मृत घोषित कर दिया गया। राज्य की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता योगेश कुमार शर्मा ने किया। अभियुक्त सौरभ सिंह को शस्त्र अधिनियम में दोषी पाते हुए तीन वर्ष के कारावास और दस हजार रुपये से दण्डित किया गया।

# इलाज के दौरान जानलेवा हमले में अधेड़ की मौत, कोहराम, मौत को लेकर परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धारदार हथियार से जानलेवा हमले में घायल हुए अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक का शव परिजन रोते बिलखते लेकर घर पहुंचे। शव पहुंचते ही परिजनों व ग्रामीणों में आक्रोश पनप उठा। परिजन आरोपितों के खिलाफ हत्या के मुकदमें दर्ज करने तथा उन्हें हिरासत में लेने की मांग करने लगे। जानकारी पाकर सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत जैन भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। सहायक पुलिस अधीक्षक ने परिजनों को समझाते बुझाते कार्रवाई का भरोसा दिलाया। करीब एक घंटे तक की पुलिसिया मशक्कत के बाद परिजन माने। इसके बाद पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। घटना को लेकर मृतक की पत्नी ने तीन आरोपितों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने घटना को लेकर मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर पर हत्या के प्रयास का एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने घायल की मौत के बाद पहले से दर्ज मुकदमें को हत्या की धाराओं में परिवर्तित करते हुए दो अन्य आरोपियों की बढ़ोत्तरी की है।

लालगंज कोतवाली के पूरे छत्तू गांव में ग्यारह अगस्त की रात दरवाजे पर सोते समय एक अधेड़ को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। गांव के विनोद कुमार पुत्र देवतादीन पर हुए चाकू से वार में वह गंभीर रूप से लहूलुहान हो उठा। घायल की चीख सुन परिजन जगे और उसे लहूलुहान देख वह भी चीखने चिल्लाने लगे। आननफानन मे परिजन घायल विनोद को लेकर लालगंज ट्रामा पहुंचे। यहां से चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल में भी चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत देख उसे प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए उसे प्रयागराज के एक निजी अस्पताल ले गये। इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गयी। परिजन शव को लेकर घर लौट आये। विनोद की मौत की खबर गांव में पहुंची तो लोग आक्रोशित हो उठे। परिजन मृतक का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। जानकारी मिलने पर सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत जैन आननफानन में फोर्स के साथ मृतक के घर पहुंचे। एएसपी ने परिजनों को आरोपितो के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया। करीब घंटे भर बाद परिजन पुलिस के भरोसे पर संतुष्ट हुए। इसके बाद मृतक के शव का पुलिस ने पंचनामा किया। शव पीएम के लिए दोपहर बाद पुलिस सुरक्षा में जिला मुख्यालय भेजवाया गया। इधर पति की मौत को लेकर विनोद की पत्नी नन्चा देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि सोते समय घटना की रात उसके पडोसी रामसुख के पुत्र अमरजीत व महेश तथा संजय ने पति पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर मिली है आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की भी बात कही है। हालांकि सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने दो आरोपितों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**कौशाम्बी।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय में दिनांक 09 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेंगा यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं, पारिवारिक वाद, बैंक वसूली, 138 एन0आई0 एक्ट, विद्युत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेबर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी, स्टाम्प वादों, उपभोक्त फोरम वादों, राजस्व वादों, चकबन्दी वादों, नगर पालिका टैक्स वसूली मामलों, पब्लिक प्रिमिसेज एक्ट सम्बन्धी मामले. उत्तराधिकार सम्बन्धी मामले, आयुध अधिनियम के प्रकरण, बीमा सम्बन्धी वाद, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, सेवा/वेतन सम्बन्धी वाद, सेवा निवृत्त परिलाभों से सम्बन्धित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरणो का निस्तारण तथा अन्य प्रकरण से सम्बन्धित शमनीय वादों का निस्तारण किया जायेंगा।

# रिजर्व पुलिस लाइन सहित जनपद के सभी थानों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

## पुलिस अधीक्षक कौशांबी ने सभी को दी श्रीकृष्ण जनमाष्टमी की हार्दिक सुभकामनाएं

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पुलिस लाइन जनपद कौशांबी में पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों एवं उनके परिवारीजनों द्वारा भजन एवं कीर्तन के कार्यक्रम का आयोजन किया जा गया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक कौशांबी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर हवन-पूजन किया गया। तत्पश्चात सभी लोगों द्वारा हर्ष उल्लास के साथ श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया तथा प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम मे पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

इसी प्रकार जनपद के सभी थानों में भी हर्ष उल्लास के साथ जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया, इस दौरान पुलिस परिवार के बच्चों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा



मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिसकी लोगों ने सराहना की हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा हरे हरे राधे कृष्ण राधे राधे के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंज रहा था कार्यक्रम के दौरान इलाके के तमाम ग्राम प्रधान आम जनमानस और सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे

# ग्राम पंचायत के उपचुनाव में राजेश पाल बिजयी घोषित

## जीते प्रत्याशी राजेश पाल का भाई गंभीर आपराधिक घटनाओं में 12 साल बाद जेल से रिहा होने के बाद गांव में कायम है दबदबा

अखंड भारत संदेश

**नेवादा कौशाम्बी।** नेवादा ब्लॉक की ग्रामसभा कोटिया में ग्राम प्रधान पद के उपचुनाव का परिणाम आ गया है अपने विरोधियों को शिकस्त देते हुए राजेश पाल 123 मत से विजई घोषित किए गए हैं राजेश पाल को 719 मत मिले हैं दूसरे नंबर पर रहे चंद्रपाल प्रजापति को 596 मत मिले।सुमन देवी को 71 मत व राजेश सिंह अर्कवंशी को 22 मत मिले। 52 मत अनवैलीड रहे उपचुनाव में कुल 1460 मत पड़े थे। जैसे ही निर्वाचन अधिकारियों ने चुनाव परिणाम की घोषणा की राजेश पाल के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई उन्हें माल्यार्पण कर




उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया गया है। तमाम बड़ी आपराधिक घटनाओं में वांछित रामदास पाल के भाई राजेश पाल ने ग्राम प्रधान की सीट पर जीत दर्ज की है 12 साल बाद जमानत पर जेल से रिहा हुए रामदास पाल का गांव की राजनीति में वर्चस्व कायम है।

### कमरे में लटकता मिला होमगार्ड का शव, कोहराम

**कौशाम्बी।** जिले के करारी थाना में तैनात होमगार्ड का उसके घर पर गुरुवार की सुबह फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया,मंदिर पूजा करने गई पत्नी वापस घर पहुंची तो शव लटका हुआ था,अपने पति का शव देखकर वह स्तब्ध रह गई,पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी,मौके पर पहुंची पुलिस ने होमगार्ड के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र का निवासी राज नारायण सिंह (55) पुत्र छत्रपाल सिंह होमगार्ड था। इन दिनों उसकी तैनाती करारी कोतवाली थी। गुरुवार की सुबह पांच बजे उनकी पत्नी पूजा करने मंदिर चली गई। छह बजे पूजा कर जब वह लौटी तो देखा पति का शव कमरे में फंदे से लटक रहा था, पति को फंदे पर देख चीख पड़ी। चीख पुकार सुन परिजन भागकर मौके पर पहुंचे। पड़ोसी के मौत की खबर मोहल्ले के लोगों को हुई भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि राजनारायण की पत्नी को कोई बच्चा नहीं था। काफी दिनों से वह अवसाद में था। इसके अलावा वह सुगर का मरीज भी था। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# गंगा में किशोर का 26 घण्टे बाद मिला शव, परिजन बेहाल



अखंड भारत संदेश

**कड़ा कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना के बाजार गंगा घाट में गुरुवार की सुबह साथियों के साथ गंगा नहाने गया 12 वर्षीय किशोर कोनैन पुत्र दानिश पेंटर गंगा के गहरे जल में समा गया था, किशोर के गंगा में डूबने से परिवार मे हड़कंप मच गया सूचना पर परिवार समेत गांव के लोग गंगा घाट पर पहुंचे, स्थानीय गोताखोर मकबूल एवं पीएसी जल पुलिस की टीम ने किशोर के शव को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन देर रात तक नहीं सफलता नहीं मिल सकी थी।शुक्रवार भोर 6:00 बजे से ही पीएसी जल पुलिस की टीम किशोर के शव को ढूंढते ढूंढते कड़ा धाम कोतवाली के जहांगीराबाद गंगा घाट पहुंची 5 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद दोपहर लगभग 12 बजे पीएसी जल पुलिस की टीम नें किशोर का शव ढूढ़ निकाला शव मिलने की सूचना पाते ही कौनेन के घर वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया कौनैन दो भाइयों में बड़ा है कड़ा धाम कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करने पहुंचे प्रभारी मंत्री

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही ने शुक्रवार को निमार्णाधीन राजकीय डिग्री कॉलेज बनपुकरा, नव-निर्मित किसान कल्याण केन्द्र सौंरई खुर्द तथा प्राथमिक विद्यालय व ऑगनबाड़ी केन्द्र सौंरई खुर्द का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें प्रभारी मंत्री ने निमार्णाधीन राजकीय डिग्री कॉलेज के निरीक्षण के दौरान परियोजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पायी गई कमियों को भी दूर कराने तथा परिसर में स्थित वृक्षों को संरक्षित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कार्यदायी संस्था को माह नवम्बर-2023 तक निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दियें। प्रभारी मंत्री ने 80 लाख रुपए की लागत से नव-निर्मित किसान कल्याण केन्द्र के निरीक्षण के दौरान बाउण्ड्रीवाल बनवाने तथा इण्टरलॉकिंग लगवाने के भी निर्देश दियें। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को किसान कल्याण केन्द्र शीघ्र संचालित कराने के निर्देश दियें। प्रभारी मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय सौंरई खुर्द के निरीक्षण



के दौरान सोकपिट बनवाने तथा शौचालय की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक प्रकार से न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने रसोइयों से वार्ता के दौरान मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन बच्चो को प्रदान करने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रत्येक कक्षा में जाकर बच्चो से किताब पढ़वाकर व सवाल कर शिक्षा की गुणवत्ता को भी परखा, शिक्षा की गुणवत्ता ठीक पायी गई। उन्होंने लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान संतोषजनक स्थिति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए लाइब्रेरी व्यवस्थित करने तथा विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने के निर्देश दियें। उन्होंने विद्यालय परिसर में स्थापित ‟शिलाफलकम‟ पर पुष्प चढ़ाकर वीर सेनानियों को नमन किया।

# दहेज लोभियों की बलि चढ़ी फिर एक बेटी

## पिता ने लगाया ससुराली जनों पर हत्या का आरोप

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली अंतर्गत भगवानपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम किसुनपुर अम्बारी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्तिथि में मौत हो गई।जिसकी सूचना मायके वालों को दी गई। मृतका के पिता हरिलाल पाल पुत्र स्व:सदलु पाल निवासी ग्राम कसिया थाना संदीपंघाट ने सराय अकिल कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि 18 फरवरी 2022 को हिन्दू रीतिरिवाज से अपनी पुत्री पायल का विवाह ग्राम अम्बारी निवासी अमित पाल पुत्र बसंतलाल पाल के साथ किया था।दहेज के मांग पर बुलेट वाहन,तीन लाख नगद,जेवरात के साथ गृहस्थी के उपयोग में आने वाले सभी चीजें दिया गया था।पिता ने आरोप पत्र में लिखा कि पांच दिनके बाद जब बेटी मायके आई तो उसने अपनी ससुरालियों द्वारा कार की मांग को लेकर उलाहना देने की बात कही।दहेज की मांग पूरी न होने पर मेरे पुत्री की हत्या करदी गई और ससुर, सास, ननद, जेठ, जेठानी, देवर आदि लोगो पर हत्या का आरोप लगाया है घटना स्थल पर सराय अकिल पुलिस पहुँच कर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

# जन्माष्टमी के मौके पर आयोजित हुआ सैनी कोतवाली में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

## हनुमत मानस मंडल के पदाधिकारियों ने हनुमान मंदिर प्रांगण अझुवा में किया भव्य जागरण का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी सैनी कोतवाली परिसर में थाना प्रभारी चंदभूषण मौर्य की अगुवाई में जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया कोतवाली परिसर में स्थित मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया मंदिर के अंदर श्री कृष्ण की मनमोहक झांकी सजाकर उनके बाल अवतार को दशार्या गया कोतवाली पुलिस कर्मी शाम होते ही कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए थे क्षेत्र के पत्रकारों और गणमान्यों को प्रसाद रूपी भोजन की व्यवस्था की गई थी प्रसाद ग्रहण करवाने के पश्चात थाना प्रभारी चंद्रभूषण मौर्य और उपनिरीक्षक विजेंद्र सिंह ने



पत्रकारों और गणमान्यों को भागवत पुस्तक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते रहे इस दौरान क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों एवम पत्रकारों ने प्रसाद रूपी भोजन ग्रहण किया।कोतवाली परिसर में भजन कीर्तन गायक मंडली प्रभु का नाम गीत संगीत के माध्यम से भक्ति रूपी रस घोल रहे थे ।रात्रि 12 बजे जैसे ही भगवान श्री कृष्ण के जन्म का समय होता है मंदिर में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा पाठ शुरू हो जाता है पूजा खत्म होने के उपरांत मौजूद लोगों को प्रसाद ग्रहण करवाया जाता रहा है।इसी क्रम में आदर्श नगर पंचायत अझुवा के हनुमान मंदिर प्रांगण में हनुमत मानस मंडल के पदाधिकारियों, सदस्यो के सौजन्य से भक्ति जागरण का आयोजन किया गया था जिसमे नगर पंचायत अझुवा सहित क्षेत्र के हजारों भक्तों ने गीत संगीतमई नाटक कार्यक्रम को देख भाव विभोर हो रहे थे प्रयागराज से आए जागरण कलाकारों द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी सहित प्रभु के गीत प्रस्तुत किया कलाकारों के कार्यक्रम से भक्ति भाव विभोर हो गए कलाकारों द्वारा पेश की गई झांकियां व भजनों से माहौल देर रात्रि तक भक्तिमय बना रहा जागरण टीम द्वारा प्रस्तुत झांकी और भजनों से देर रात्रि तक दर्शकों को थिरकने को मजबूर कर दिया।भक्ति रस में डूबे हजारों लोगों ने कार्यक्रम का आनंद लिया कार्यक्रम के आयोजक संजय केसरवानी, निलेश केसरवानी, विनय केसरवानी, विपिन मोदनवाल, मोनू केसरवानी ,विजय केसरवानी, हरछ्ठी सोनी आदि ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की नगर वासियों को बधाई दी है।

## न्यूज झरोखा

### गन पॉइंट पर बाइकर्स गैंग ने सरार्फा व्यवसायी से की लाखों की लूट



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में लुटेरे बाइकर्स गैंग का खौफ फिर दिखाई पड़ने लगा है शुक्रवार को दिनदहाड़े गैंग के सदस्यों ने गन पॉइंट पर सरार्फा व्यवसायी का सोने चांदी के जेवरात और नगद रुपए से भरा बैग छीन कर फरार हो गए हैं लूटपाट की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुंच गई और जांच पड़ताल में जुटी है खबर लिखे जाने तक बाइकर्स गैंग लुटेरों का सुराग पुलिस नहीं लगा सकी है जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर निवासी अनूप सोनी पुत्र मन्नीलाल सोनी सरार्फा का कारोबार करते हैं शुक्रवार को वह बाइक से वापस घर की ओर लौट रहे थे जैसे ही चरवा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 कन्हैयालाल नगर धमसेड़ा गांव के पश्चिम काली रोड पर पहुंचे बाइक सवार लुटेरों ने तमंचे के बल पर उन्हें रोक लिया और दिनदहाड़े बीच सड़क पर सोने चांदी के जेवर नगद रुपयों से भरा बैग छीनकर लुटेरे फरार हो गए हैं बताया जाता है कि व्यापारी के बैग में सोने चांदी के जेवर नगद रुपए समेत लाखों का सामान थे दिनदहाड़े लूट की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया मौके पर पुलिस फोर्स पहुंची और लोगों से पूछताछ कर घटना के खुलासे का प्रयास कर रही है।

### दानपुर में ग्राम चौपाल के आयोजन में सुनी गई समस्याएं



**अषाढा कौशांबी।** सरसवां विकासखंड क्षेत्र के दानपुर गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन एडीओ पंचायत मार्तण्ड सिंह के नेतृत्व में किया गया ग्राम चौपाल में उपस्थित आम जनमानस की समस्याओं को एडीओ पंचायत में सुना और उसके निस्तारण का भरोसा दिलाया इस दौरान सरकार की योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई मौके पर ग्राम प्रधान सुमित कुमार रैना नलकूप ऑपरेटर राजस्व लेखपाल आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा पंचायत सहायक आदि उपस्थित रहे लेकिन ग्राम चौपाल में जनता की समस्या सुनने के लिए ब्लॉक से लेकर जिले तक का कोई भी अफसर उपस्थित नहीं हो सका।

### लकड़ी के विवाद में भिड़े दो परिवार में हुई जमकर मारपीट, थाने पहुंचा मामला

**महगांव कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बड़ी गौहानी गांव में लकड़ी के विवाद में दो परिवार आपस में भिड़ गए जिससे विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट और गाली गलौज की आ गई चरवा थाना में शिकायती प्रार्थना देकर बड़ी गौहानी गांव निवासी जलाराम चतुर्वेदी पुत्र स्वर्गीय सूरजदीन चतुर्वेदी ने बताया कि घटना 8 सितंबर को समय करीब सुबह 8:00 बजे उसके ही पड़ोस का रामू पुत्र प्रहलाद चतुर्वेदी उसके घर पर लकड़ी मांगने आया तो मैंने कहा मेरी लकड़ी है मैं नहीं दूंगा उक्त विपक्षी रामू के साथ तीरथ पुत्र प्रहलाद व काशी पुत्र भागीरथ व बबीता पुत्री तीरथ व माया देवी पत्नी प्रहलाद एकजुट होकर आए और मेरे घर के अंदर घुसकर मेरी लकड़ी जबरन उठाने लगे जब मैं इसका विरोध किया तो उक्त विपक्षियों ने मुझे गाली गलौज देते हुए लात घूसे से मारने पीटने लगे तथा रामू मेरे बाएं गाल पर दांत काट लिया है मेरे गाल में दांत के निशान बने हैं शिकायतकर्ता का कहना है कि मैं चिल्लाया तो शोर सुनकर मेरी भाभी निर्मला देवी मौके पर पहुंचकर बीच बचाव किया तो उक्त लोगों ने मेरी भाभी व भतीजी संजना को भी मारने पीटने लगे । शोर गुल सुनकर लोगो के आ जानें पर विपक्षी लोग जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गए। जलाराम की सूचना पर चरवा पुलिस जांच में जुट गई है।

### गरीब युवक को दबंगो ने बेरहमी से पीटा

**महगांव कौशांबी ।** चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर गांव में दबंगों ने गरीब युवक को मामूली विवाद को लेकर जमकर पीटा है जिससे युवक के शरीर पर गंभीर चोटें आई है। बलीपुर टाटा गांव निवासी शेखर सिंह पुत्र राजेश पासी ने चरवा थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके गांव के ही चौराहे पर देसी शराब ठेका के बगल में फ्राई की दुकान खोल रखा है इसी के बगल में रामबाबू पुत्र इसरी पासी भी दुकान खोल रखा है रामबाबू का कहना है कि इतने कम दाम में समान क्यों दे रहा है। शेखर ने कहा मुझे जितने रुपए में पड़ता है मैं दे दूंगा इसी बात को लेकर रामबाबू व ननका पुत्रगण इसरी पासी ने एकजुट होकर गाली गलौज देते हुए लात घूसे से घसीट घसीट कर मार पीट की है जिससे शेखर के शरीर व अन्य जगह गंभीर चोटें आई है तथा पीड़ित के ठेले को लाठी डंडे से तोड़ दिया गया पीड़ित ने सूचना चरवा थाने में दिया तो दूसरे दिन पुलिस गांव पहुंचकर विपक्षियों को पकड़ कर थाने में बंद कर जांच में जुट गई है

### विधवा महिला की बाग पर दबंगो ने किया कब्जा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र की एक विधवा महिला की बाग में दबंगों ने जबरिया कब्जा कर लिया है थाना स्तर से सुनवाई न होने पर विधवा महिला ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर दबंग पर कार्यवाही की मांग की है महिला का कहना है कि दलाल टाइप के कुछ लोगों ने उसे बाग पर कब्जा दिलाने के नाम पर उससे रुपए भी ठग लिया है और बाद में उसकी बाग में कब्जा करने वालों से भी रुपए लेकर उसकी बाग में कब्जा करने वालो का साथ दिया है जानकारी के मुताबिक चरवा कोतवाली के नगर पंचायत चरवा की विधवा केलापति पत्नी स्व० पितई ने एसपी से शिकायत की है कि उसके गांव के ही कुछ लोग उसके पूर्वज की बाग पर कब्जा करने लगे तभी केलापति की मुलाकात एक दलाल टाइप के ब्यक्ति से हुई कलापति ने उस दलाल टाइप के ब्यक्ति पर भरोसा करते हुए दो बार मे 15 हजार रुपया दे दिए तथा कलापति से कहा कि जाओ अब तुम्हारा काम हो जाएगा केलापति घर चली गयी आरोप है कि दलाल ने बिपक्षी से साठगांठ करके केलापति के पैतृक बाग पर विपक्षी को कब्जा करवा दिया विपक्षी के कब्जा के बाद केलापति ने दलाल से अपने रुपए की मांग किया तो विधवा महिला उसके पुत्रों को फर्जी मुकदमे में फसाने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देना शुरू हो गया है।

### जुर्माना और ब्याज से बचने के लिए अग्रिम आयकर जमा करें व्यापारी और संस्था आयकर अधिकारी

**भरवारी कौशांबी।** आयकर कार्यालय में आयकर अधिवक्ताओं और सीए के साथ शुक्रवार को एक गोष्ठी आयोजित की गई बैठक में आयकर अधिकारी अनिल कुमार मालवीय ने उपस्थित कर अधिवक्ताओं और सीए से कहा कि आयकर के जुमार्ना से बचने के लिए आयकर का अग्रिम कर जमा करें श्री मालवीय ने कहा कि आयकर अधिनियम की धारा 208 के अंतर्गत जिस व्यापारी संस्था का आयकर जिस वित्तीय वर्ष में अनुमानित 10000 से अधिक देयता बनता है उसी वित्तीय वर्ष में आयकर का एक तिहाई हिस्सा क्रमशा 15 सितंबर 15 दिसंबर और 15 मार्च को अग्रिम कर जमा कराया जाएगा अग्रिम आयकर ना जमा करने वाले व्यापारी संस्था पर जुमार्ना और ब्याज की कार्यवाही की जाएगी ब्याज और जुमार्ने की कार्रवाई से बचने के लिए व्यापारी और संस्था अपने आयकर को अग्रिम जमा कर दें। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि जो आयकर दाता अग्रिम कर के दायरे में आते हैं वह जुमार्ना और ब्याज से बचने के लिए 15 सितंबर तक अग्रिम आयकर जमा कर दें बैठक में इंस्पेक्टर विनोद कुमार जिला कर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आरपी मिश्रा एडवोकेट सत्यम मिश्रा एडवोकेट शिव अभिलाष मिश्रा एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी एडवोकेट सीए चंद्र मोहन आदि लोग उपस्थित रह।

## संपादक की कलम से

# 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' से भी 'इन्हें' दिक्कत है

आम चुनाव के लिए अभी से पक्ष और विपक्ष की बिसात बिछ चुकी है। लगातार दो लोकसभा चुनाव में करारी हार से बौखलाई कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने मिलकर एक नया गठबंधन तैयार किया है। इसका नाम आईएनडीआईए ' इंडिया' रखा है। मजेदार बात यह है कि सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के मकसद से बना यह गठबंधन तीन बैठकें हो जाने के बाद भी न तो अपना नेता तय कर सका है, न नीति और न कार्यक्रम। केंद्र सरकार के खिलाफ माहौल तैयार करने के लिए मुद्दे तलाश पाने मे नाकाम विपक्षी नेता जो पहले संघ, भाजपा और मोदी के खिलाफ बयानबाजी करते थे अब वे सनातन हिन्दू धर्म, उसके प्रतीकों, संस्कृति और धर्म साहित्य के साथ भारत तक के विरोध में खड़े दिखाई दे रहे हैं। हालांकि सनातन भारतीय संस्कृति से उनकी घृणा कोई नई नहीं है, लेकिन अब तो कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेता 'प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' के स्थान पर 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' लिखे जाने पर आपत्ति जता रहे हैं। इससे नई बहस शुरू हो गई है।

दरअसल लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने की जुगत में लगे विपक्षी दल सरकार के खिलाफ माहौल बनाने के लिए मुद्दे नहीं खोज पा रहे हैं। वे महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उठाने की कोशिश तो कर रहे हैं लेकिन इन मुद्दों पर जिन राज्यों में कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों की सरकारें हैं उनका प्रदर्शन कई भाजपा शासित राज्यों के मुकाबले खराब है। इसके अलावा मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान जिस तरह की महंगाई और भ्रष्टाचार को देश के लोगों ने देखा है उसकी वजह से विपक्षी नेताओं की बातें आम लोगों को खास प्रभावित नहीं कर पा रही हैं। विपक्ष के नेताओं और तमाम बुद्धिजीवियों का मानना है कि हिन्दू समाज के मतदाताओं के जातीय पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर मतदान करने की वजह से भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावो और कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की है। इसीलिए हाथरस कांड को आज तक याद दिलाया जाता है ताकि भाजपा को दलित विरोधी साबित किया जा सके। ब्राह्मणों को भाजपा से दूर करने के लिए विकास दुबे जैसे दुर्दान्त अपराधी की भी ब्राह्मण पहचान उकेरने का प्रयास किया जा रहा है। मुजफ्फरनगर के एक स्कूल की विकलांग शिक्षिका ने परिजनों के कहने पर एक छात्र को दूसरे छात्र-छात्राओं से थप्पड़ लगवा दिए थे। इस घटना का वीडियो पीटने वाले छात्र के चाचा ने बनाया और वह खुद छात्र को मारने के लिए उकसा रहा था लेकिन इसके बावजूद भाजपा पर साम्प्रदायिक वातावरण खराब करने का आरोप मढ़ने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तक ने इस घटना को साम्प्रदायिक रंग देकर समाज में नफरत फैलाने का प्रयास किया। मोदी हटाओ के सूत्र वाक्य से एकजुट हुए विपक्षी दलों को लग रहा है कि हिन्दू वोटों में बंटवारा किए बिना भाजपा को हरा पाना संभव नहीं है। इसीलिए विपक्षी दलों के तमाम नेता लगातार इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं जिससे हिन्दू समाज में जातीय विद्वेष बढ़ जाए। बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर और समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस की चौपाई का उदाहरण देते हुए इसके खिलाफ जमकर अनर्गल बयानबाजी की। हालांकि तमाम मानस मर्मज्ञ विद्वानों ने अवधी भाषा में लिखी इस चौपाई का अर्थ स्पष्ट किया लेकिन वे उसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। इनके उकसावे का नतीजा यह निकला कि जिस रामचरित मानस का हिन्दू समाज के लगभग प्रत्येक परिवार में पूरी श्रद्धा के साथ पाठ किया जाता है उसे कुछ लोगों ने फाड़ा और जलाया। स्वामी प्रसाद मौर्य तो हिन्दू समाज के खिलाफ जहर घोलते-घोलते इतना आगे चले गए कि उन्होंने हिन्दू धर्म को ही धोखा बता दिया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने तो सनातन हिन्दू धर्म की तुलना कोरोना, मलेरिया और डेंगू बुखार से करते हुए यहां तक कह दिया कि इसका विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि इसका उन्मूलन यानी खत्म करना होगा। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर सनातन धर्म, संस्कृति, साहित्य और उसके प्रतीकों के विरोध में अनर्गल बयानबाजी करते आए इन नेताओं ने 'सिर तन से जुदा जैसे नारों' से बेखौफ होकर हिन्दू समाज में बंटवारा करने के लिए लंबा जाल बुना है। मगर वह अपने ही जाल में उलझ रहे हैं। मोदी के हर फैसले का विरोध करने की जिद में वे सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक तक के सबूत मांगकर सेना के पराक्रम को नकारने का प्रयास करते हुए यहां तक कह देते हैं कि 300 आतंकी मारे गए या 300 दरख्त गिरे।

# कोटा को किसकी नजर लग गई

**डॉ. रमेश ठाकुर**



चोटी की प्रतियोगी परीक्षाएं अगर पास करनी हो, तो जेहन में अव्वल ख्याल राजस्थान का 'कोटा शहर' ही आता है। क्योंकि कोटा शहर शिक्षा का ह्यमहाकुंभह्ल जो बन गया है। वहां से शिक्षा लेकर बच्चे अपने सपनों को पंख लगा रहे हैं। पर, दुर्भाग्य है कि ह्यशिक्षा नगरीह्ल का खिताब हासिल कर चुका ये शहर गुजरे कुछ समय से ह्यआत्महत्याह्ल के लिए चर्चाओं में हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि वहां चारों तरफ फैले अदृश्य मौत के खौफ ने बच्चों को भयभीत कर दिया है । डर के चलते अभिभावक अपने बच्चों को वापस बुलाने लगे हैं। डिप्रेशन में आकर 19-22 वर्ष आयु के छात्र मौत को गले लगा रहे। बीते आठ माह के भीतर 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। ये घटनाएं तत्कालिक नहीं है, सिलसिला सालों से बदस्तूर जारी है। कोटा में हर वर्ष लगभग 15 से 20 घटनाएं घटनाएं घट रही हैं। प्रत्येक सुसाइड की घटना में पुलिस अपनी जांच-पड़ताल के बाद एक ही तर्क देती है कि बच्चे पढ़ाई का दबाव झेल नहीं पाने के कारण ऐसा कदम उठाते हैं?

पुलिस-प्रशासन का तर्क कई मायनों में वाजिब भी दिखता है। अगर वास्तव में आत्महत्याओं का मूल कारण यही है, तो उसमें सीधे-सीधे शिक्षण संस्थाएं ही दोषी मानी जाएंगी। क्योंकि कोचिंग संस्थान अब छात्रों के बौद्धिक स्तर को ध्यान में रखकर शिक्षा ग्रहण नहीं करवाती। इतना प्रेशर डालती है कि अच्छे से अच्छा छात्र भी डिप्रेशन में चला जाए। बहरहाल, इस कृत्य में कोचिंग संस्थानों के साथ-साथ अभिभावक भी बराबर के भागीदार हैं। छात्रों पर दोनों का संयुक्त रूप से एक जैसा प्रेशर होता है। ऐसी अनहोनी घटनाओं के पीछे मनोचिकित्सकों का मानना होता है कि बदलते दौर में जब बच्चों उम्र खेलकूद की होती है, तब उनके समक्ष गला-काट प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करना, नार्मल स्कूलों की जगह कोचिंग संस्थानों के टफ स्टीड पैटर्न को झेलना, सामने वाले से बेहतर करने का घनघोर दबाव और उसके बाद शिक्षक-पेरेंट्स का बच्चों पर उम्मीद से ज्यादा उम्मीद करना? सही मायनों में देखें तो सुसाइड केसों के मूल और तात्कालिक कारण यही हैं। इन कारणों को शिक्षक-अभिभावक भलीभाँति जानते भी हैं, लेकिन इग्नोर कर देते हैं।

कोटा में छात्रों द्वारा लगातार आत्महत्याओं की घटना के बाद राज्य सरकार और स्थानीय शिक्षण संस्थाओं पर लापरवाही व रक्षा-सुरक्षा न करने के आरोप लग रहे हैं। आरोप लगने भी चाहिए? आखिर दोनों की सर्वप्रथम जिम्मेदारियां बनती हैं। हुकूमत और शिक्षण संस्थान आत्महत्या वाली घटनाओं से अपनी नजरें क्यों फेरती हैं? उसका भी कारण पानी की तरह साफ है। सरकार का टैक्स रूपी मुनाफा कमाना और शिक्षण संस्थाओं का छात्रों से मुंह मांगी फीस का सवाल जो होता है? आंकड़े दस्तीक करते हैं कि कोटा में सालाना 5 हजार करोड़ का शिक्षा के नाम पर बाजार होता है जिसमें सरकार को 700 करोड़ का टैक्स प्राप्त होता है। प्रत्येक छात्र से एक लेकर तीन लाख फीस वसूली जाती है। ढाई से तीन लाख नए छात्र हर वर्ष कोटा पहुंचते हैं। कोटा में सरकार द्वारा 23 हॉस्टल पंजीकृत हैं, अपंजीकृतों की तादाद इससे कहीं ज्यादा है। दस हजार से ज्यादा कोचिंग संस्थाएं फैली हैं जो अपनी कमाई का एक तिहाई हिस्सा सरकार को देती हैं। इसके अलावा दूसरे तरीकों से पुलिस-प्रशासन, नगर निगम व अन्य विभागों को चढ़ावे के रूप में दिया जाता है। कुल-मिलाकर शिक्षा की आड़ में धंधा कैसे पनपता है, उसका सजीव उदाहरण इस समय कोटा बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस वक्त करीब पांच लाख छात्र मेडिकल, जेईई, इंजीनियरिंग व अन्य विभिनन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां कर रहे हैं। लेकिन इनकी सुरक्षा पूरी तरह रामभरोसे है। अभी कुछ महीनों पहले दिल्ली के मुखर्जी नगर में दर्दनाक हादसा हुआ था। जहां, एक कोचिंग सेंटर में आग लग गई, छात्रों ने छतों से कूदकर अपनी जान बचाई। कोटा की तरह मुखर्जी नगर भी सिविल परीक्षाओं का गढ़ माना जाता है। उस घटना के बाद जांच हुई, तो पता चला कि वहां संचालित आधे से ज्यादा कोचिंग सेंटर तय मानकों के विद्धध चल रहे हैं। शासकीय-प्रशासनिक धरपकड़ हुई, तो पता चला कि ये खेल स्थानीय पुलिस और नगर निगम की मेहरबानी से होता था। एकाध महीने शासन स्तर पर कुछ सख्तियां-पाबंदियां हुई, लेकिन अब सब कुछ पहले जैसा है। कमोबेश, कोटा में भी कुछ ऐसा ही होगा।

कोटा सुसाइड घटनाओं की चर्चा पूरे देश में आग की तरह फैली हुई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोटा के ज्यादातर कोचिंग सेंटर इस समय छात्र-छात्राओं की मनोचिकित्सकों से काउंसलिंग करवा रहे हैं। छात्रों को दुलार-प्यार रहे हैं, अच्छा खाना-पीना देने के साथ-साथ अच्छी देखरेख और संरक्षण सहूलियत संबंधी निगरानी कर रहे हैं। जो बच्चे पढ़ाई में थोड़े-बहुत कमजोर हैं, उनकी एक्सट्रा क्लासेस आरंभ कर दी गई हैं। सवाल उठता है ये सब कब तक? क्या जब तक मौजूदा आत्महत्याओं का शोर रहेगा, या मीडिया-समाज में घटनाओं की चर्चा रहेगी, तभी तक? अगर ऐसा है, तो ऐसी प्रवृत्तियों और सोच से बाहर निकलना होगा। इस तरह के दिखावे की जगह कोई मुकम्मल उपाय करने की सख्त आवश्यकता है। ऐसा तभी संभव होगा, जब सरकारी डंडा चलेगा। सख्त नियम बनेंगे, ईश्वर न करें, अगर भविष्य में किसी कोचिंग सेंटर में इस तरह की घटना घटे, तो उसका जिम्मेदार भी वही सेंटर होगा? क्योंकि मां-बाप, घर-परिवार, प्रदेश से दूर छात्र की जिम्मेदारी उसी कोचिंग की होनी चाहिए, जहां बच्चा पढ़ता हो।

बहरहाल, कई मर्तबा ज्यादा दबाव में आकर कुछ छात्र बोलते भी हैं कि उक्त परीक्षा उनके बूते से बाहर है, नहीं कर पाएंगे? बावजूद इसके उन छात्रों पर कोचिंग सेंटरों का पढ़ने का जबरदस्त दवाब रहता है। तभी बच्चे खुद से हारकर आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर हो जाते हैं। निश्चित रूप से कोटा में खुल चुके कुकुरमत्तों की भांति अनगिनत कोचिंग शिक्षण संस्थाओं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की आत्महत्या की रहस्यमई घटनाओं ने ना सिर्फ उन अभिभावकों को अंदर तक झकझोरा है जिनके बच्चे वहां इस समय पढ़ रहे हैं, बल्कि समूचे हिंदुस्तान को सोचने पर विवश कर दिया है। कोटा में एकाध राज्यों के बच्चे नहीं पढ़ते, भारत के तकरीबन राज्यों से सालाना लाखों छात्र-छात्राएं इंजीनियरिंग, मेडिकल व सिविल सर्विसेज परीक्षाओं की कोचिंग लेने पहुंचते हैं। पर, ऐसा लगता है, जैसे इस शहर को किसी की नजर लग गई हो? तभी तो ह्यशिक्षा की नगरीह्ल से फेमस कोटा अब ह्यसुसाइड फैक्टीह्ल कहलाने लगा है। किसी भी सूरत में कोटा शहर के माथे पर लगा 'मौत का कलंक' हटना चाहिए। जैसे भी हो, तत्काल प्रभाव से खुदकुशी के मामलों पर अंकुश लगाना चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सनातन की सांस्कृतिक छाया में जी-20 सम्मेलन

**प्रमोद भार्गव**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन इस बार सनातन संस्कृति की छाया में होगा। इसी भाव को दृष्टिगत रखते हुए शिखर सम्मेलन स्थल पर भगवान शिव की 28 फीट ऊंची ह्यनटराजह्य प्रतिमा को प्रतीक रूप में स्थापित किया गया है। इस प्रतिमा में शिव के तीन प्रतीक-रूप परिलक्षित हैं। ये उनकी सृजन यानी कल्याण और संहार अर्थात विनाश की ब्रह्मांडीय शक्ति का प्रतीक हैं। अष्टधातु की यह प्रतिमा प्रगति मैदान में 'भारत मंडपम्' के द्वार पर लगाई गई है। इस प्रतिमा की आत्मा में सार्वभौमिक स्तर पर सर्व-कल्याण का संदेश अंतर्निहित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी शाश्वत दर्शन से भारतीय संस्कृति के दो सनातन शब्द लेकर 'वसुधैव कुटुंबकम्' के विचार को सम्मेलन शुरू होने के पूर्व प्रचारित करते हुए कहा है कि 'पूरी दुनिया एक परिवार है।' यह ऐसा सर्वव्यापी और सर्वकालिक दृष्टिकोण है, जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन नहीं है।

जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान यह विचार मानव केंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। हम एक धरती के रूप में मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। जिससे सब एक-दूसरे के सहयोगी बने रहें और समान एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए एक साथ आगे बढ़ते रहें। विश्व कल्याण का यह विचार आज तक किसी अन्य देश के राष्ट्र प्रमुख ने नहीं दिया। क्योंकि ये देश असमानता के संदर्भ में ही अपने पूंजीवादी, बाजारवादी और उपभोक्तावादी एजेंडे को आगे बढ़ाते रहे हैं। पश्चिमी देशों द्वारा हथियारों का उत्पादन और फिर उनके खपाने का प्रबंध कई देशों की प्रत्यक्ष लड़ाई और देशों के भीतर ही धर्म और संस्कृति के अंतर्कलहों में हम देखते रहे हैं। अतएव विश्वव्यापी भाईचारे के लिए वसुधैव कुटुंबकम् से उत्तम कोई दूसरा विचार हो ही नहीं सकता।

थोड़ा ठहरकर शिव के 'नटराज' रूप के प्रतीक रहस्यों को समझ लेते हैं। यह प्राचीन कथा स्कंद पुराण में मिलती है। यह शिव के थिलाई-वन में घूमने और इसी वन में ऋषियों के एक समूह के रहने से जुड़ी है। थिलाई वृक्ष की एक प्रजाति है, जिसका चित्रण मंदिर की प्राचीरों पर भी मिलता है। परिवार सहित रहने वाले ये ऋषि मानते थे कि मंत्रों की शक्ति से देवताओं को वश में किया जा सकता है। एक दिन शिव दिगंबर रूप में अलौकिक सौंदर्य और आभा के साथ इस वन से गुजरे। शिव के इस मोहक रूप से ऋषि पत्नियां मोहित हो उठीं और यज्ञ एवं साधना से विचलित होकर शिव के पीछे दौड़ पड़ीं। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम से साधुगण क्रोधित हो उठे और उन्होंने मंत्रों का आह्वान कर शिव के पीछे विशैले सर्प छोड़ दिए। शिव ने सर्पों को गहना मानकर एक को गले में, एक को शिखा पर और एक को कमर में धारण कर लिया। शिव का यह उपक्रम वन्य जीवों के संरक्षण द्योतक है।

ऋषि और अधिक क्रोधित हुए। उन्होंने मंत्रसिद्धि से एक बाघ उत्पन्न कर शिव के पीछे दौड़ा दिया। शिव ने बाघ को मारकर उसकी चमड़ी उधेड़ी और कमर में वस्त्र के रूप में पहन ली। यह प्राकृतिक रूप से सभ्यता की ओर बढ़ने वाला पहला कदम था। अंत में ऋषियों ने अपनी सभी तांत्रिक शक्तियों का प्रयोग कर एक शिक्तिषाली अपस्मरा नामक राक्षस सृजित किया। यह राक्षस अज्ञानता और अभिमान का प्रतीक है। शिव सरल मुस्कान के साथ इसकी पीठ पर चढ़ जाते हैं और नृत्य करने लगते हैं। शाश्वत आनंद का यह नृत्य कुछ और नहीं अहंकार त्यागकर सहज रूप में जीवन जीने का संदेश है, जो ऋषियों के तप-अनुष्ठानसे भिन्न मार्ग है। कलात्मक ढंग से जीने का सत्य-चित्त आनंद अर्थात सच्चिदानंद के साथ जीना ही श्रेयस्कर है। इन सब को शिव के वशीभूत देखा, तब ऋषि ईश्वर को ही सत्य मानते हुए शिव के समक्ष समर्पण कर देते हैं। गोया इस प्रतीक में विश्व कल्याण का संदेश प्रकट है।

इन्हीं संदेशों की कड़ी में भारतीय प्रधानमंत्री का मानना है कि कोविड महामारी ने विश्व व्यवस्था को बदल दिया है। नतीजतन तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं, पहला यह अनुभव हो रहा है कि दुनिया के जीडीपी केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाने की जरूरत है। दूसरा, दुनिया वैश्विक सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है। तीसरा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्ष को बढ़ावा देना। ये तीन प्रयोजन सिद्ध हो जाते हैं तो एक बड़ा वैश्विक मानव समुदाय चैन की नींद सोने लायक हो जाएगा। लेकिन इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी देश गुटों में विभाजित हैं। जबकि भारत विभिन्न पांच मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जुटा है। इन मुद्दों में रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति, महंगाई पर नियंत्रण और खाद्य-आपूर्ति, ऊर्जा, हथियारों की होड़ और जलवायु परिवर्तन। भारत की कोशिश है कि इन पांच मुद्दों पर सम्मेलन के अंतिम दिन एक संयुक्त बयान जारी हो जाए। लेकिन दुनिया के दो बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल नहीं हो रहे हैं। नतीजतन भारत के सामने शिखर सम्मेलन को सफल बनाने की बड़ी चुनौती पेश आ रही है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन नहीं आ रहे हैं। उनकी जगह विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव आएंगे। इसी तरह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भारत नहीं आने को लेकर असमंजस की स्थिति रही। लेकिन अब चीन के विदेश मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि जिनपिंग के स्थान पर प्रधानमंत्री ली कियांग चीन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इसलिए ये सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या दुनिया के दो बड़े देशों के प्रमुखों का सम्मेलन में नहीं आने से उन मुद्दों पर संयुक्त बयान जारी हो पाएगा, जिन्हें भारत वैश्विक हितों के लिए हल करना चाहता है। इन दोनों के नहीं आने के पीछे की मंशा में यह भाव संभव है, कि भारत यदि अपने मकसद में सफल हो जाता है तो भारत वैश्विक शक्ति की ओर बढ़ जाएगा। चीन भारत का पड़ोसी जरूर है, लेकिन उसकी हमेशा कोशिश रही है कि भारत में अशांति और अस्थिरता बनी रहे। इसीलिए जी-20 सम्मेलन के ठीक पहले वह अपने मानचित्र में भारत के अरुणाचल प्रदेश के भू-भाग को दिखाकर यह जताने की कुटिल हरकत को अंजाम देता है कि भारत को विश्व शक्ति के रूप में चीन देखना नहीं चाहता। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इसी परिप्रेक्ष्य में निराशा जाहिर कर चुके हैं। बाइडन भली-भांति जानते हैं कि जिनपिंग की अनुपस्थिति में जी-20 को वैश्विक, आर्थिक सहयोग का मुख्य मंच बनाए रखने की अमेरिका की कोशिश और विकासशील देशों के लिए वित्तपोषण को सुरक्षित करने के प्रयासों को झटका लगेगा। साफ है, सम्मेलन में जिनपिंग की भागीदारी के बिना व्यावहारिक एवं कल्याणकारी परिणाम तक पहुंचना कठिन है।

2008 में इस संगठन को राष्ट्राध्यक्षों के स्तर पर उन्नत बनाए रखने के बाद यह पहली बार है कि चीन के राष्ट्रपति इस सम्मेलन का हिस्सा नहीं बन रहे है। हालांकि चीन के विदेश मंत्रालय ने सम्मेलन की मेजबानी में भारत का समर्थन किया है और यह भी भरोसा जताया है कि वह सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। लेकिन चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से पत्रकारों ने पूछा कि जिनपिंग की जगह ली कियांग को दिल्ली भेजने का फैसला क्या इसलिए लिया गया, क्योंकि दोनों देशों के बीच तनाव के हालात हैं। इस पर प्रवक्ता ने सीमा विवाद का तो कोई हवाला नहीं दिया, लेकिन यह जरूर कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध यथास्थिति में हैं।

# स्टालिन जैसा तथाकथित मूर्ख नेता सनातन धर्म के समूल नाश की बात करने की हिम्मत कैसे कर लेता है

स्टालिन जैसा तथाकथित मूर्ख नेता सनातन धर्म के समूल नाश की बात करने की हिम्मत कैसे कर लेता है? इसका बहुत ही आसान व सीधा जवाब है कि सनातन धर्म के लोग जातियों व विचारधाराओं में राजनीतिक पंडितों के कारण बंटा हुआ है। उसका राजनीति ने आसानी से वर्गीकरण कर दिया है। छोटे से गाँव , बड़े नगरों में देखिए, हर जाति व वर्ग अपने अपने भगवान के साथ शक्ति प्रदर्शन में लगी हुई है। एकजुट कहीं नहीं है। आज सनातन धर्म कहाँ संगठित व एक है यह चिंता व चिंतन का गंभीर विषय है। जातियों का वर्गीकरण नेताओं व अंग्रेजी ने अपनी अपनी दुकानें चलाने के लिए किया है। जाति जैसा वर्गीकरण सनातन धर्म में था ही नहीं। यह अंग्रेजों द्वारा प्रायोजित तरीके से सनातन धर्म समाज में जनगणना के माध्यम से घुसाया गया है। दुर्भाग्य है कि सनातन धर्म के लोग आजतक इस षड्यंत्र को समझने को तैयार नहीं है और इसका फायदा स्टालिन व उसके जैसे सनातन धर्म विरोधी लोग समय समय पर उठाते रहते हैं। विगत 10-15 वर्षों से हर जाति अपनी ताकत दिखाने के लिए अपने अपने भगवान के साथ साल में दो एक बार शक्ति प्रदर्शन करती है। भारत के अधिकांश नगरों के थानों पर पुलिस के ऊपर इन जलसो व जुलूस को शांतिपूर्वक नगर मार्गों से निकालने का भारी दबाव रहता है। इस दौरान जातिगत लोग धर्म की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटियां तो सेंकते है ही लेकिन प्रशासन पर अधिकांश समय अनुचित दबाव भी बनाते है। भारत में पहले से ही पुलिस बल का आभाव है व ऊपर से कार्य की अधिकता अलग से। पुलिस नेताओं की सुरक्षा करें, जातिगत शक्ति प्रदर्शन को देखे, नक्सलियों से निपटे, चुनाव करवाये, भीड़ की हिंसा से निपटे या फिर स्टालिन जैसे नेताओं के बड़बोलेपन से निपटे ?

सनातन धर्म जातियों व फिर इसके बाद राजनीतिक दलों में बंट(विभाजित) हो गया है। दिनोदिन सनातन धर्म का विभाजन व वर्गीकरण किया जा रहा है। वह कभी राजपूत में बंटता है तो कभी ब्राह्मण, वैश्य, शुद्र, दलित, बलाई, चमार, सैंधव, क्षत्रिय, यादव, धाकड़, पाटीदार, जाट, भूमिहार, कुर्मी, विश्वकर्मा आदि और फिर इन जातियों ने अपने अपने भगवान चुन लिये है। किसी के पास राम है तो किसी के पास कृष्ण, बलराम, विश्वकर्मा, शंकर, परशुराम, दुर्गा, गणेश जी आदि और फिर ये विभाजित सनातनी जातिगत वर्ग हर वर्ष अपनी अपनी शक्ति प्रदर्शन के लिए नगरों व बड़े शहरों में जुलूस निकालता है । आम जन के धन व समय की बबार्दी होती है। सनातन धर्म के लोगों की शायद इसी कमजोरी को ध्यान में रखकर स्टालिन जैसा मतांतरित इसाई सनातन धर्म के खिलाफ बोलने की हिम्मत करता है। सरकारें ऐसे मामलों में हस्तक्षेप नहीं करती है क्योंकि उसे अपने वोटबैंक की चिंता रहती है। वह कभी नहीं चाहती है कि सनातन धर्म के लोग साल में एक बार ही संगठित होकर अपने इष्ट का जुलूस व जन्म जयंती या फिर पर्व का उत्सव मनाये। सरकारें ऐसा आदेश कभी नहीं निकालेगी, क्योंकि वह इन्हें बंटा हुआ ही रहना चाहती है, इससे उसकी सत्ता व राजनीति बनी रहती है। राजनेता व राजनीति तो चाहती है कि सर्व हिन्दू सनातन धर्म समाज बंटा रहे, जिससे उसकी राजनीतिक दुकान चलती रहे। उसे राजनीति करने व भ्रष्टाचार में लिप्त रहने पर कोई छेड़छाड़ नहीं करें। सनातन धर्म समाज को समझना चाहिए कि उसका उपयोग नेता व पंथ के नाम पर राजनीति करने वाले कैसे कर लेते हैं। क्या स्टालिन भारत में रह रहे अन्य पंथ, मजहब या फिर रिलिजन व विचारधारा के लोगों के लिए ऐसा बयान देने की हिम्मत कर सकता है ? हम सब जानते हैं कि वह ऐसी हिम्मत नहीं कर सकता। क्योंकि वे लोग इतने जातियों व राजनीतिक वर्गों में नहीं बंटे है। वे सनातन धर्म से ज्यादा संगठित व एकजुट होकर रहते है। खासकर राजनीतिक चुनाव के समय ज्यादा। वे अपने मत व पंथ पर ऐसे बयान आने पर सीधे जान से मारने पर उतारू हो जाते हैं और सरकारें उस समय वोटबैंक के कारण मौन धारण कर लेती हैं।

## दूसरों से प्रेम करें और खुद से भी

**- ललित गर्ग -**

प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवनपथ, कार्यक्षेत्र में सफलता के सपने संजोता है। पर, सबके सब सपने सच में नहीं बदलते। अथक परिश्रम के पश्चात भी यदि सफलता न मिले तो निराश-हताश होना स्वाभाविक है। निराशा का गहरा कुहरा व्यक्ति के मनोबल और विश्वास को कमजोर बना देता है। वह हीनभावना से ग्रस्त हो जाता है। ऐसी स्थिति से उबरने के लिए जेनकाऊल ने कहा- स्मरण रखो- ह्यआने वाला दिन आज की अपेक्षा अधिक उल्लासपूर्ण होगा। दिन के बाद रात आती है, तो रात के बाद उजली सुबह भी जरूर आएगी। उसके पूरे-परे उपयोग की तैयारी करो।ह्ल इसका अर्थ है- आशा और विश्वास की दीवार को कभी मत दरकने दो। यह आशावादी दृष्टिकोण सफलता का पहला सोपान है। व्यक्तित्व का शक्तिशाली घटक है। निराशा एवं अनिश्चितता के दौर में हम ऐसी सभी चीजों से दूर भागने लगते हैं, जिनसे हमें असुविधा होती है। हम समय ऐसे कामों में बिताने लगते हैं, जो हमारे लिए बेहतर विकल्प नहीं होते। अपनी बेचौनियों को धैर्य से जीते हुए सही दिशा में चलने के बजाय हम आसान रास्तों की ओर दौड़ने लगते हैं। कहते हैं कि डर कर फैसले करने के बजाय सही राह की प्रतीक्षा करना ही सही होता है। जीवनयात्रा में व्यक्ति अनेक खट्टे-मीठे अनुभवों से गुजरता है। वह कभी फिसलता भी है, गिरता भी है, गलतियां भी करता है, किन्तु हर चूक उसे चेताती है, हर ठोकर ठीक चलने का सबक सिखाती है, हर असफलता सफलता के द्वार खोलती है। इस प्रकार वह प्रत्येक घटना से बोध पाठ पढ़ता है और परिपक्वता के साथ-साथ अनुभव प्रवण भी बनता जाता है। उन अनुभवों से प्रेरणा लेकर जो निरंतर आगे बढ़ते रहते हैं, वे अपने व्यक्तित्व की स्वतंत्र पहचान बना लेते हैं और दूसरों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन जाते हैं।

# पुलिस लाइन-कोतवाली में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की रही धूम

## धर्मद्रोहियों के विनाश का आ गया है समय: मदनगोपाल दास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** योगेश्वर श्रीकृष्ण के अवतार मानव समाज को प्रेरणा देते हैं कि ईश्वर उन्हीं के रथ के सारथी बनते हैं, जो धर्म और न्याय के रास्ते पर चलते हैं। विधर्मी भले ही कौरवों जैसे शक्तिशाली हों वे धार्मिक शक्तियों के सामने टिक नहीं सकते। एक हाथ में मुरली से जगत को मोहने वाले कृष्ण ने ये संदेश दिया है कि जरूरत पड़ने पर सुदर्शन चक्र भी चलाने में संकोच नहीं करना चाहिए।

ये बात श्रीकामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर कामदगिरि पीठम के अधिकारी संत मदनगोपाल दास ने कही। श्रीकामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार में सवेरे से ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की धूम रही। मंदिर में बिराजे भगवान श्रीकामतानाथ एवं श्रीरामदरबार में बिराजी राम-जानकी की मूर्तियों का भव्य श्रृंगार हुआ। दर्शन कर श्रीकामदगिरि पर्वत की परिक्रमा को भक्तों की भीड़ लगी रही। व्रती संतों ने पूजन-अर्चन कर हरे कृष्णा हरे राम का संकीर्तन किया। कृष्ण और राधा की भव्य झांकी भी श्रद्धालुओं ने देखी। सांध्य बेला में अर्धरात्रि श्रीकृष्ण जन्म की धूम रही। महोत्सव में श्री चित्रकूटधाम के भक्तिरस में डूबे



विशिष्टजनों, आमजनमानस समेत साधु-संत मौजूद रहे। श्रीकामदगिरि पीठम के अधिकारी संत मदनगोपाल दास, निमोर्ही अखाड़े के महंत ओंकारदास, नंदकिशोर दास, संतसखा दास, नागा नरसिंह दास, मोहनदास आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर रिजर्व पुलिस लाइन एवं कोतवाली कर्वी में हर वर्ष की भांति पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्रा, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ कार्यालय/यातयात एसपी सोनकर, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि अधिकारी/कर्मचारी की मौजूदगी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। पुलिस अधीक्षक व एएसपी ने पुलिस लाइन एवं कोतवाली कर्वी में विधि-विधान से हवन-पूजन कर भगवान श्रीकृष्ण का जन्म मनाया। पुलिस लाइन, कोतवाली कर्वी में कीर्तन पार्टी ने श्रीकृष्ण की भक्तिमय गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध किया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर पुलिस लाइन में पुलिस परिवार के बच्चों ने भगवान श्री कृष्णलीला सम्बन्धित भव्य झांकियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम किये। इस मौके पर पुलिस अधिकारी/कर्मचारी व गणमान्य सपरिवार मौजूद रहकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम का आनंद उठाया। पुलिस परिवार के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में राधा-कृष्ण की ड्रेस पहनकर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले बच्चों को पुलिस अधीक्षक व एएसपी ने ईनाम देकर पुरुस्कृत किया। इसी क्रम में जिले के सभी थाना/चैकियों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

## चोरी का खुलासा न होने पर होगा आन्दोलन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जानकीशरण प्रजापति व सचिव मो अनस अंसारी ने कर्वी कोतवाल को सौंपे पत्र में कहा कि अपर जिला जज प्रथम के रीडर राधेश्याम यादव के एसडीएम कालोनी स्थित घर से छह सितम्बर को बीस लाख रुपये की दिन-दहाडे चोरी हो गई है। चोरी का खुलासा न होने से न्यायालय कर्मियों में रोष है। उन्होंने कहा कि शहर के महत्वपूर्ण क्षेत्र में चोरी होने से पुलिस के शिथिल रवैये से कर्मचारियों में रोष फैल रहा है। दिन के समय कोई घटना से लोगों में भय व्याप्त है। उन्होंने जल्द घटना का खुलासा करने की मांग की है।

इसी क्रम में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यहरन यादव व सचिव मान सिंह ने भी कर्वी कोतवाल को लिखे पत्र में कहा कि रीडर राधेश्याम यादव के घर चोरी हुए तीन दिन हो गये हैं। अभी तक चोरी का खुलासा नहीं हुआ है। उन्होंने चोरी का खुलासा जल्द न होने पर आन्दोलन को चेतावनी दी है।

## सचिव पर मेहरबान हैं बीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में आठ वर्ष से सहायक विकासखंड अधिकारी/सचिव कमलाकर सिंह अहिरा, मगरहाई, धान, रैपुरा, बगरेही, सरैया, चुरेहकेसरुआ, सरहट समेत आठ गांव व अगरहुंडा, चरदहा, अरवारा, खरौंध, चर समेत 13 गांव में पति-पत्नी मिलकर 62 गांव में कार्य कर रहे हैं।

शुक्रवार को खुलासा हुआ कि जगदीश पटेल जैसे सीनियर व नियमित सरकारी कर्मचारी को सिर्फ दो गांव ऊंचाडीह और सकरौहा मिले हैं। ये सब बीडीओ मानिकपुर की मेहरबानी से सम्भव हुआ है। बीडीओ की सचिव कमलाकर पर ज्यादा मेहरबानी है, क्योंकि बीडीओ सचिव कमलाकर के घर में रहते हैं। सचिव जगदीश पटेल की बहाली के बाद चुरेहकेसरुआ और सरहट भी जगदीश पटेल को मिलना चाहिए थे, किन्तु यहां भी टीए रामू ने खेल कर दिया, क्योंकि सरहट और चुरेहकेसरुआ में रामू ही टीए पद पर तैनात थे।

## धुस मैदान पावर हाउस में लगा दस हजार केवीए का ट्रांसफार्मर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विद्युत विभाग ने शासन के निर्देश पर लो-वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने को धुस मैदान फीडर में पांच हजार केवीए के ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर दस हजार केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दिया है।

शुक्रवार को विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता आरएस वर्मा, एसडीओ अनिल कुमार, जेई अनुपम व शैलेश कुमार आदि कर्मचारियों ने पूरे दिन की अथक मेहनत से शुक्रवार को धुस मैदान के ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर दस हजार केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दिया है। अब नगरवासियों को लो-वोल्टेज की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा।

विद्युत विभाग के सुभाषचंद्र यादव ने बताया कि लो- वोल्टेज की समस्या से नगरवासी कई वर्षों से परेशान थे। लगातार समस्या समाधान की मांग मुख्यमंत्री से कर रहे थे। अब अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर धुस मैदान पावर हाउस में लग गया है। इससे लोगों को लो-वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी।

## दस हजार का ईनामी गैंगेस्टर एक्ट वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा व प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की टीम ने दस हजार रुपये के ईनामी गैगेस्टर एक्ट के वांछित धर्मेंद्र सोनकर पुत्र राम आश्रय सोनकर निवासी लूपलाइन कस्बा राजापुर को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस टीम ने गैंगेस्टर एक्ट में काफी दिनों से फरार चल रहे धर्मेंद्र सोनकर को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। इसकी गिरफ्तारी को पुलिस अधीक्षक ने दस हजार रुपये का ईनाम घोषित कर रखा था। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्र, प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह व सिपाही अजय वर्मा शामिल रहे।

## राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**रायपुर। राष्ट्रीय तंबा**कू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों के तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारियों, जिला नोडल अधिकारियों, जिला सलाहकारों, परामर्शदाताओं एवं सामाजिक कार्यकताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। ब्लूमबर्ग परियोजना के तहत रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में प्रतिभागियों को तम्बाकू उत्पादों की व्यापकता एवं इसके दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में तंबाकू नियंत्रण के लिए प्रभावी कानूनों सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003, ई-सिगरेट अधिनियम-2019 तथा हुक्का प्रतिबंध के लिए राज्य द्वारा संशोधित अधिनियम सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धाराओं व प्रावधानों के बारे में भी बताया गया। राज्य को तंबाकूमुक्त बनाने के लिए इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों को तंबाकू नियंत्रण के लिए राज्य द्वारा तय रणनीतियों जैसे तम्बाकूमुक्त कार्यालय, तम्बाकूमुक्त शिक्षण संस्थान, तंबाकू नशामुक्ति केन्द्र और उसके क्रियान्वयन की भी विस्तृत जानकारी कार्यशाला में दी गई। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गठित जिला कार्यान्वयन समितियों को राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन ने इसके उद्देश्यों एवं संरचना की जानकारी दी। उन्होंने तंबाकू नियंत्रण के लिए किए जा रहे राज्य स्तरीय कार्यों, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही गतिविधियों तथा तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र की सेवाओं के बारे में बताया। उन्होंने विभिन्न जिलों से आए मैदानी अधिकारियों को लोगों को तंबाकू का सेवन नहीं करने के लिए जागरूक करने और उन्हें इसका सेवन छोड़ने के लिए प्रेरित करने को कहा, ताकि राज्य में तंबाकू का सेवन छोड़ने वालों की संख्या बढ़ सके।

## तमंचे में दो गये जेल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा रमेश सिंह यादव ने शिब्बू उर्फ शुभम उर्फ शिवम पुत्र चुनका उर्फ रामशरण निवासी रैपुरा के कब्जे से एक तमंचा व कारतूस 315 बोर बरामद किया है। उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्जकर जेल भेजा है। टीम में दरोगा रमेश सिंह यादव, सिपाही राममूरत मिश्रा व अजीत यादव शामिल रहे।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम ने शिवशंकर निषाद पुत्र कालीचरण निषाद निवासी सुहेल के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया है। टीम में इन्द्रजीत गौतम व सिपाही राहुल पाण्डेय शामिल रहे।

## एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम ने पाक्सो एक्ट के वारंटी लाली निषाद पुत्र वीरान निषाद निवासी शिवपुर को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा इंद्रजीत गौतम व सिपाही राहुल पांडेय शामिल रहे

## पुलिस ने तीन घंटे के अन्दर दबोचे चोर, माल बरामद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर की अगुवाई में दो चोरों के कब्जे से माल बरामद किया है।

ज्ञात है कि आठ सितम्बर को दोपहर 12 बजे श्रीमती सुषमा देवी पत्नी रामबालक मोर्या ने पहाड़ी थाने में सूचना दी कि उसके घर में रखे अनाज को चोर चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर घटना के खुलाने को दरोगा रविकान्त राय को लगाया। दरोगा ने नानबाबू पुत्र राजकुमार व अरुण पुत्र मातादीन निवासी असोह को मुखबिर की सूचना पर अशोह स्थित विद्यालय के पास से 14 बोरी चावल, एक बोरी गेहूं समेत गिरफ्तार किया। माल बरामदगी पर धारा बढाई गयी। टीम में दरोगा रविकान्त राय, सिपाही आशीष कुमार व विनोद कुमार शामिल रहे।

## धारा 144 के बाद भी विधायक ने दिया धरना, 17 सूत्रीय मांग पत्र में जनहितों के उठाये मुद्दे, किसानों की धान फसल सूखने का रहा अहम मुद्दा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सदर तहसील में विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया। धरने बाद एसडीएम सदर राजबहादुर को 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर चेताया कि जल्द समस्याओं का समाधान न होने पर सपा बडा आन्दोलन करने को बाध्य होगी।

शुक्रवार को सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने अपने कुछ साथियों सपा अम्बेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल आदि के साथ धरने पर बैठे। उनके पूर्व घोषित धरने को धारा 144 के बहाने एसडीएम ने धरने पर रोक लगा दी थी। नतीजतन वे कुछ सपाइयों के साथ ही धरने पर बैठे। उन्होंने जिले में लो-वोल्टेज से धान की फसल सूखने से किसानों की परेशानी को लेकर तथा विद्युत कर्मियों के फोन न उठाने, जिले में नहरों में टेल तक पानी न पहुंचने, जिले को सूखा घोषित करने, यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, अन्ना पशुओं से छुटकारा दिलाने, परिक्रमा मार्ग समेत रामघाट व नगर पालिका क्षेत्र में लोगों को बेघर करने समेत चिल्लीमल से गुरगौला समेत विभिन्न मार्गों के निर्माण और जिला अस्पताल एवं दो सौ बेड के अस्पताल में डाक्टरों के पदों की तैनाती को लेकर धरना दिया। जिला अस्पताल में 24 घंटे प्रसव करवाने व हर घर नल योजना के तहत गांव की टूटी सडकों की मरम्मत कराने तथा श्रम विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर कराने की मांग को लेकर धरना दिया।

## सत्ता का दुरुपयोग कर नफरत फैला रही भाजपा: का रुद्र

## प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीपीआईएम के जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने केन्द्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम लोगों के तबाह होने को लेकर प्रदर्शन कर तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी को राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को सीपीआईएम के जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कचहरी से तहसील मुख्यालय तक प्रदर्शन कर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी को सौंपते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों से आमजनता व किसान, मजदूर तबाह हो रहे हैं। बढती महंगाई से रोजी-रोटी की समस्या बढती जा रही है। खाद-बीज, बिजली



आदि समानों की कीमतें लगातार बढने से फसलों के उचित दाम न मिलने से रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आम आदमी के पहुंच से दूर हो गये हैं। जब से केन्द्र में भाजपा सत्ता में आई है, देश की एकता को तोडने में सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। धर्म-जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर नफरत फैलाकर लोगों को लडाया जा रहा है। जनता के खून-पसीने से खडी सम्पत्तियों को देशी-विदेशी कम्पनियों को कौडियों के भाव बेंचा जा रहा है।

लोकतंत्र की रक्षा को भाईचारा व एकता की मजबूती को जनवादी संगठनों में महंगाई, बेरोजगारी कम करने, समाज के लोगों को सस्ते दर की वस्तुएं दिलानें, मनरेगा मजदूरों को साल में दो सौ दिन काम देने, अन्ना प्रथा पर रोक लगाने, फसलों की क्षतिपूर्ति दिलाने, बुलडोजर राज खत्म करने की मांग उठाई। इस मौके पर का अजय सिंह एड, कमला देवी, लल्लूराम त्रिपाठी, इन्द्रजीत त्रिपाठी, पूनम, सविता, राजेश कुमार, शिवम द्विवेदी, वीर बहादुर सिंह, मोनू, रामसुमेर, क्षमता देवी, नत्थू प्रसाद, अफरोज, उमादत्त तिवारी, सरिता, रामप्रसाद विश्वकर्मा, शिवप्रताप, करन, सुशीला, संवरिया आदि मौजूद रहे।

## गांव-गांव की मिट्टी से राजधानी में बनेगी अमृत वाटिका: सांसद

## मेरी मिट्टी मेरा अभियान हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के बल्दाऊगंज वार्ड में मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल व नगर अध्यक्ष रविशंकर गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, ब्लाक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष खरे ने कहा कि मेरी माटी मेरा



देश अभियान की शुरूवात जिले के सभी मंडलो में आज की गयी है।शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि गावों में स्वतंत्रता सेनानियो के नाम की पट्टिका लगायी जायेगी। तीसरी बार भाजपा की सरकार मतदाता से सम्पर्क कर बनाई जायेगी। भाजपा का विस्तार करें। बूथ से लेकर जिला पदाधिकारी तक सभी जनप्रतिनिधिगण अभियान में सक्रिय भूमिका निभायें।

सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि गांव-गांव की मिट्टी व नगर क्षेत्र से एक चुटकी चावल संकलित कर देश की राजधानी मे भेजा जायेगा। वहां अमृत वाटिका बनेगी। सांसद ने लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलाई। समाज के सभी वर्गों के लोगो को अभियान से जोड़ने की अपील की। कार्यक्रम में जिला महामंत्री अश्विनी अवस्थी, हरिओम करवरिया, अंजू वर्मा, भागवत त्रिपाठी, युवा मोर्चा अध्यक्ष हीरो मिश्रा, सुमित मिश्रा, वार्ड मेम्बर विनीत पयासी, लवकुश यादव, पवन बद्री, प्रदीप शुक्ला, मोहित शुक्ला, प्रेमलाल, राजेश्वरी द्विवेदी, प्रेमेन्द्र सिंह, उज्जवल गुप्ता, राजेन्द्र अग्रहरी आदि मौजूद रहे।

## जन्माष्टमी की धूम में चोरों ने दो दुकानों के तोड़े शटर

### चोरों के हाथ कुछ खास नहीं लगा-पुलिस का दावा: जल्द चोरों को करेंगे गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। दो दिन पहले न्यायिक अधिकारी के पेशकार के सरकारी आवास में दिनदहाड़े हुई लाखों की चोरी का खुलासा अभी पुलिस नहीं कर सकी है, इधर चोरों ने रात में दो और दुकानों के शटर तोड़ डाले।

शुक्रवार को नेशनल हाईवे किनारे पटेल तिराहे पर मेडिकल स्टोर और पेंट दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने बीती रात घटना अंजाम दी। चोर घटना को अंजाम देकर निकल गए। पुलिस पहले की तरह आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। करीब एक पखवाडे के भीतर आधा



दर्जन चोरी की घटनायें मुख्यालय समेत सीतापुर-शिवरामपुर में हो चुकी हैं। गुरुवार की रात लोग घरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम में मस्त थे। कोतवाली में भी कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम था। इसका लाभ उठाते हुए चोरों ने आधी रात को पटेल तिराहे की दुकानों के दो फीट तक शटर उठाये। मुख्यालय कर्वी स्थित पटेल तिराहे पर हाईवे किनारे धीरज यादव के मेडिकल स्टोर एवं ठीक सामने संतोष गुप्ता की हार्डवेयर दुकान का शटर चोरों ने तोड़ डाला। दोनों के शटर करीब दो फीट ऊपर तक उठाए गए। सवेरे लोगों की नींद खुली तो देखा कि शटर टूटे पडे हैं। हालांकि चोरों के हाथ कोई खास चीज नहीं लगी। मेडिकल स्टोर की गोलक से करीब एक हजार रुपए और हार्डवेयर दुकान में आठ सौ रुपए चोर ले गये हैं। शुक्रवार को पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया। शातिरों की तलाश में चैराहे में लगे सीसीटीवी फुटेज पुलिस खंगाल रही है। दो दिन पहले ही पटेल तिराहे से दो सौ मीटर दूर एसडीएम कॉलोनी में दिन-दहाड़े पेशकार के सरकारी आवास में दरवाजा तोड़कर घुसे चोरों ने नकदी समेत बीस लाख कीमत के जेवरात चोरी कर ले गये थे।

## सहकार भारती कार्य समिति की आज से होगी बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उद्यमिता विद्यापीठ में सहकार भारती की दो दिवसीय प्रदेश कार्य समिति बैठक में उद्यमिता विद्यापीठ विवेकानंद सभागार में कार्यकर्ताओ के साथ रणनीति बनाई। प्रदेश संगठन प्रमुख अरुण कुमार सिंह ने कार्यकताओं को व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी। सहकार भारती की बैठक में शामिल होने को आ रहे कार्यकर्ता के ठहरने, भोजन, यातायात व मंच आदि की 23 तरह की व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौपी गयी।

शुक्रवार को उद्यमिता विद्यापीठ विवेकानंद सभागार में सहकार भारती की दो दिवसीय कार्य समिति बैठक में सहकारिता को लेकर अलग सत्रों में चर्चा होगी। सहकारिता संगठन के किये कार्यो की समीक्षा व आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। उद्घाटन सत्र शनिवार को सवेरे नौ बजे होगा। यातायात व्यवस्था जिले के सहकार भारती महामंत्री कुलदीप सिंह, यातायात प्रभारी महेंद्र सोनी को बनाया गया है। कार्य समिति में शामिल होने आ रहे 450 लोगों के



ठहरने-भोजन की व्यवस्था की गई है। आवास व्यवस्था में दस लोगो को रखा है। सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री प्रवीण सिंह जादौन, जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार त्रिपाठी, महामंत्री कुलदीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश कुमार द्विवेदी, लवकुश सिंह, प्रेम सागर दीक्षित, डॉ देव सिंह, ब्रजेश सिंह, एफपीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश के सह संयोजक मनोज कुमार द्विवेदी, प्रवीण भार्गव, सुरेंद्र पस्तोर समेत सहकार भारती के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। ये जानकारी मीडिया प्रमुख ओंकार सिंह ने दी।

## ‘उम्मीद है भू-राजनीतिक विवादों को खत्म करने के लिए हरसंभव कदम उठाएगा भारत’, यूएन महासचिव ने जताई उम्मीद

**ढाका।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटारेस ने कहा कि भारत जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई है कि भारत यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा कि मौजूदा भू-राजनीतिक विवादों को दूर किया जाए और विश्व नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक संभावित परिणामों के साथ पूरी हो सके।

**दो दिन होगा सम्मेलन**

गौरतलब है, भारत इस साल जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। ऐसे में नौ और 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन सहित कई देशों के नेताओं का दिल्ली में जमावड़ा होगा। गुटारेस भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। हालांकि, वहीं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे हैं।

गुटारेस ने जकार्ता में 13वें आसियान-संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में भाग लेते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि भारत यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा कि मौजूदा भू-राजनीतिक विवादों को दूर किया जाए और जी-20 संभावित परिणामों के साथ संपन्न हो सके। दरअसल, वह जी-20 मेजबान के रूप में भारत से उनकी अपेक्षाओं के साथ-साथ अफ्रीकी संघ को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह में लाने के लिए नई दिल्ली के समर्थन पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

## जिनपिंग नहीं आए तो चीनी पीएम तक को नजरअंदाज करेंगे राष्ट्रपति बाइडन

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन का अपनी भारत यात्रा के दौरान चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से मिलने का इरादा नहीं है। दरअसल, भारत इस साल जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। ऐसे में नौ और 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए विदेशी मेहमानों का आना गुरुवार से शुरू हो गया है। इसी क्रम में, अमेरिका के राष्ट्रपति भी आज शाम दिल्ली पहुंचने वाले हैं।



**वियतनाम भी जाएंगे राष्ट्रपति**

गौरतलब है, राष्ट्रपति जो बाइडन भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद वियतनाम जाएंगे। वह वाशिंगटन से निकल चुके हैं। राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर संवाददाताओं से बातचीत की। इस दौरान सुलविन से पूछा गया कि चीनी नागरिकों ने अमेरिकी सैन्य अड्डों में प्रवेश कर लिया है और क्या इस मुद्दे को दिल्ली में उठाया जाएगा। इस पर उन्होंने कहा कि हमारे पास इस समय राष्ट्रपति की चीन के प्रधानमंत्री के साथ बातचीत की कोई योजना नहीं है।

## Biden ने ग्रैंड कैन्यन के आस-पास के स्थान को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा दिया

**ग्रैंड कैन्यन नेशनल पार्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने ग्रैंड कैन्यन के आस-पास के स्थान को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा दिया है और इस कदम को ‘न केवल एरिजोना, बल्कि पूरे ग्रह’ के लिए हितकारी बताया है। ग्रैंड कैन्यन के आस-पास के स्थान को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने की घोषणा के साथ ही मूल अमेरिकी जनजातियों और पर्यावरणविदों की दशकों पुरानी मांग पूरी हो गई है। बाइडन के इस कदम से ग्रैंड कैन्यन नेशनल पार्क के उत्तर और दक्षिण में लगभग 1,562 वर्ग मील (4,046 वर्ग किलोमीटर) क्षेत्र को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। यहां घाटियां, पठार और सहायक नदियां हैं। यह बाइडन द्वारा घोषित किया गया पांचवां राष्ट्रीय स्मारक है। एरिजोना के अदिवासी राष्ट्रपति से पुरावशेष अधिनियम 1906 के तहत अपने अधिकार का उपयोग करके इसे नया राष्ट्रीय स्मारक बनाने की मांग लंबे समय से कर रहे थे। बाइडन ने कहा, ‘‘इन जमीनों को संरक्षित करना न केवल एरिजोना, बल्कि पूरे ग्रह के हित में है।’’ उन्होंने यह भी कहा कि यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी अच्छा कदम है। ग्रैंड कैन्यन घाटी अमेरिका के एरिजोना राज्य से होकर बहने वाली कोलोरेडो नदी की धारा से बनी तंग घाटी है। यह घाटी अधिकांशतः ग्रैंड कैन्यन नेशनल पार्क से घिरी है।



## उत्तर कोरिया ने परमाणु पनडुब्बी का अनावरण किया

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने अपनी नवनिर्मित सामरिक पनडुब्बी का अनावरण किया है। यह पानी के भीतर परमाणु हमला करने में सक्षम है। इस मौके पर राष्ट्रपति किम जोंग-उन ने उत्तर कोरिया के परमाणु निरोध को और मजबूत करने का संकल्प लिया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि आयोजित पनडुब्बी के अनावरण समारोह में उत्तर कोरिया कई नेताओं ने भाग लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस पनडुब्बी को हीरो किम कुन ओके नाम दिया गया है। किम ने कहा है कि यह हमारी हमारी शक्ति का प्रतीक है। इस देखकर दुश्मनों की रूह कांप जाएगी। उन्होंने यह संकेत दिया कि इस कदम का उद्देश्य अमेरिकी परमाणु संचालित पनडुब्बियों का मुकाबला करना है। यह पनडुब्बी 10 मिसाइल ट्यूब से सुसज्जित है।



## बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना के साथ उनकी बेटी भी आएंगी भारत

**ढाका** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत दौरे पर आ रही हैं। खास बात ये है कि उनके साथ उनकी बेटी साइमा वाजेद भी दिल्ली आ रही हैं। माना जा रहा है कि लॉबी करने के लिए साइमा वाजेद दिल्ली आ रही हैं। दरअसल साइमा वाजेद, विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्वी एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक पद के लिए दावेदारी पेश कर रही हैं। ऐसे में समर्थन जुटाने के लिए शेख हसीना के साथ उनकी बेटी साइमा वाजेद भी भारत का दौरा कर रही हैं। बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि जी20 सम्मेलन के दौरान साइमा वाजेद नई दिल्ली में मौजूद रहेंगी। यह पहली बार है कि साइमा वाजेद अपनी मां और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के साथ किसी आधिकारिक दौरे पर भारत आ रही हैं। वाजेद एक ऑटिज्म विशेषज्ञ हैं और वह विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक के पद पर चुनाव लड़ रही हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अपने पक्ष में देशों का समर्थन जुटाने के लिए साइमा वाजेद भारत का दौरा कर रही हैं। इससे पहले आसियान देशों के सम्मेलन में भी बांग्लादेशी राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के साथ साइमा वाजेद ने इंडोनेशिया का दौरा किया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्वी क्षेत्रीय निदेशक के चुनाव में बांग्लादेश की साइमा वाजेद का मुकाबला नेपाल के शंभु प्रसाद आचार्य के साथ है। चूंकि भारत के बांग्लादेश और नेपाल, दोनों के साथ ही बहुत अच्छे संबंध हैं, ऐसे में किसी एक देश के नेता को चुनना भारत के लिए भी मुश्किल है। साइमा वाजेद ने अभी तक राजनीति में आने के संकेत नहीं दिए हैं लेकिन जिस तरह से वह अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में शीर्ष पदों पर काम करने में दिलचस्पी ले रही हैं।

## भारत और नेपाल के बीच डिजिटल पेमेंट सर्विस की शुरुआत, फोन-पे और यूपीआई से होगा आर्थिक कारोबार

**काठमांडू।** भारत और नेपाल के बीच डिजिटल पेमेंट सर्विस की शुरूआत हो गई है। नेपाल के नागरिक अब भारत में यूपीआई के माध्यम से सभी ई वालेट सेवा का उपयोग कर सकते हैं। इसी तरह भारत के नागरिक नेपाल में यूपीआई, भीम, फोन पे, गूगल पे सहित सभी प्रकार के ई वॉलेट से लेनदेन कर सकते हैं।

भारत में हुए ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में नेपाल और भारत के बीच हुए समझौते के तहत क्यूआर कोड के जरिए डिजिटल कारोबार की शुरूआत की गई। नेपाल के तरफ से नेपाल राष्ट्र बैंक के गवर्नर ने इस सेवा का शुभारम्भ किया। समारोह में नेपाल के फोन पे और भारत की तरफ से यूपीआई के बीच डिजिटल कारोबार करने की शुरुआत हुई है।

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच डिजिटल माध्यम से लेनदेन का कारोबार शुरू करने को लेकर समझौता पर हस्ताक्षर किया गया था। गुरुवार से इसकी शुरुआत भी हो गई है। अब नेपाल आने वाले भारतीय पर्यटकों, व्यवसायियों सहित सभी प्रकार के नागरिकों के लिए नेपाल में कारोबार करना आसान हो जाएगा। भारतीय नागरिक अब यूपीआई के माध्यम से अपने बैंक खातों से सीधे किसी भी ई वॉलेट के जरिए पेमेंट कर सकते हैं।



## राष्ट्रपति चुनाव में भारतीय मूल की यह उम्मीदवार दे सकती हैं बाइडन को मात!


**वाशिंगटन।** अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं, जिनके लिए कई उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से डोनाल्ड ट्रंप, विवेक रामास्वामी, निक्की हेली, रोन देसांतिस, माइक पेंस समेत कई उम्मीदवार हैं जो राष्ट्रपति पद की दौड़ में हैं। अभी तक रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार की रेस में ट्रंप सबसे आगे दिख रहे हैं। हालांकि, अब एक ताजा पोल में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दरअसल इस पोल में बताया गया है कि अगर रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से निक्की हेली को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार घोषित किया जाता है तो वह मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन पर भारी पड़ेंगी। सीएनएन/एसएसआरएस ने एक पोल के नतीजे जारी किए हैं। इन नतीजों के अनुसार, जो बाइडन और निक्की हेली के बीच अगर राष्ट्रपति पद की लड़ाई होती है तो निक्की हेली बाइडन पर भारी पड़ेंगी। पोल के अनुसार, निक्की हेली को 49 प्रतिशत वोट मिले हैं, जबकि बाइडन को सिर्फ 43 प्रतिशत। वहीं ट्रंप और बाइडन के बीच सीधी लड़ाई में दोनों के बीच कांटे की टक्कर है। ट्रंप को जहां 47 प्रतिशत वोट मिले हैं, वहीं बाइडन 46 प्रतिशत वोट पाए हैं।

## लंदन की जेल तोड़कर भागा आतंकी, हवाई अड्डों व बंदरगाहों पर ढूंढ़ रही पुलिस

**लंदन।** लंदन की जेल तोड़कर एक आतंकी डेनियल अबेद खलीफ भाग गया है। ब्रिटिश पुलिस उस आतंकी को अब ब्रिटेन के हवाई अड्डों व बंदरगाहों पर ढूंढ़ रही है। पुलिस ने आतंकी की तलाश में जनता से भी मदद मांगी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम लंदन की वंड्सवर्थ जेल में एक आतंकी डेनियल अबेद खलीफ कैद था। उस पर आधिकारिक गोपनीयता उल्लंघन का आरोप था। आरोपित ब्रिटिश सेना में भी सेवा दे चुका है किन्तु गोपनीयता उल्लंघन और देश की गोपनीय सूचनाएं लीक कर आतंकवादी गतिविधियों में संलग्न होने के कारण उसे गिरफ्तार किया गया था। उसका मामला अदालत में विचाराधीन है।

अचानक ब्रिटेन की पुलिस ने ब्रिटेन के हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर तेज तलाशी अभियान शुरू किया तो पता चला कि आतंकी डेनियल अबेद खलीफ जेल तोड़कर भाग गया है।



बताया गया कि डेनियल अबेद खलीफ ने जेल तोड़ने के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम किया। जेल में सामान पहुंचाने वाली वैन में छिपकर वह फरार हो गया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस की आतंकवाद निरोधक कमान ने फरार संदिग्ध का पता लगाने में मदद करने के लिए अपील भी जारी की।

आतंकवाद निरोधक कमान के प्रमुख कमांडर डोमिनिक मर्फी ने कहा कि अधिकारियों की एक टीम खलीफ का जल्द से जल्द पता लगाने की कोशिश कर रही है। उसे पुनः गिरफ्तार कर जेल पहुंचाने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खलीफ को पकड़ने के लिए जनता की मदद भी काफी अहम साबित होगी। यदि किसी को खलीफ दिखाई देता है या उसके बारे में किसी को कोई जानकारी हो तो वह पुलिस को कॉल कर सकता है। ऐसा अंदेशा है कि खलीफ अभी भी ब्रिटेन में ही है और वह दक्षिण-पश्चिम लंदन के किंग्स्टन क्षेत्र में हो सकता है।

## दिल्ली आएंगे जेलेंस्की? ‘जी-20 में यूक्रेन के राष्टपति शामिलः’, अमेरिका बोला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि मेरा मानना है कि भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का शामिल होना एक अच्छी बात होगी। सुलिवन एयर फोर्स वन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। इस दौरान, पत्रकारों ने जी-20 शिखर सम्मेलन में जेलेंस्की को आमंत्रित नहीं किए जाने के बारे में पूछा। इस पर उन्होंने कहा कि हमारी नजर से देखें तो जब भी राष्ट्रपति जेलेंस्की को किसी बैठक को संबोधित करने का अवसर मिलता है, तो यह अच्छी बात है।

उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की मेज पर बैठे सभी नेताओं को शामिल करने की अपनी क्षमता में अथक रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने हाल ही में जेद्दा में देखा था कि ग्लोबल साउथ सहित जी20 के कई प्रमुख देश संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता सहित समायोजन और शांति के सिद्धांतों पर बात करने के लिए यूक्रेनियन के साथ एक ही कमरे में बैठे थे।उन्होंने कहा कि इसलिए हम जहां हैं, उसके बारे में मुझे अच्छा लग रहा है। हालांकि अमेरिका का मानना है कि इस जी-20 में जेलेंस्की की भूमिका होना एक अच्छी बात होगी।

इससे पहले मार्च में विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा था कि जी-20 प्रेसीडेंसी के लॉन्च के समय विदेश मंत्रालय ने उन देशों के बारे में विवरण साझा किया था, जिन्हें अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा।

हाल ही में, जब उनसे पूछा गया कि क्या यूक्रेन मार्च में जी-20 मंत्रियों की बैठक में भाग लेगा? इस पर क्वात्रा ने कहा था कि जी-20 की अध्यक्षता मिलने के समय हमने जो प्रेसवार्ता की थी, उसमें यह स्पष्ट कर दिया गया था कि किन देशों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, जिसमें जाहिर तौर पर जी-20 सदस्य भी शामिल हैं। उन देशों की सूची आपके साथ साझा की गई थी। उस सूची में कोई बदलाव या वृद्धि नहीं की है।

**दो दिन होगा सम्मेलन**

गौरतलब है, भारत इस साल जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। ऐसे में नौ और 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन सहित कई देशों के नेताओं का दिल्ली में जमावड़ा होगा। हालांकि, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे हैं।

## पहली बार सामने आई मस्क के सीक्रेट जुड़वां बच्चों की फोटोज

**लंदन।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क अपने कारोबार के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में बने रहते हैं। एक बार फिर वो अपने दो जुड़वां बच्चों को लेकर सुर्खियों में हैं। मस्क की पहली बार उनके जुड़वां बच्चों और बच्चों की मां शिवोन जिलिस के साथ फोटो सामने आई है। मस्क की जीवनी लिख रहे लेखक वॉल्टर इसाकसन ने सोशल मीडिया पर दो तस्वीर साझा की है। इसाकसन द्वारा शेयर की गई एक तस्वीर में देखा जा सकता है कि मस्क सोफे पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान उनकी गोद में एक बच्चा भी है। उनके पास ही शिवोन जिलिस एक बच्चे को लेकर बैठी हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर में एक बच्चा एक बड़े रोबोट को देख रहा है और मस्क उसके पीछे खड़े हैं। इसाकसन ने बताया कि ये दोनों फोटो तब ली गई थी, जब बच्चे 16 महीने के थे। एलन मस्क की बायोग्राफी के कुछ प्रकाशित अंशों से पता चलता है कि ये फोटो टेक्सास स्थित ऑस्टिन में जिलिस के घर में लिए गए हैं।

## पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में मोदी की दो टूक, दक्षिण चीन सागर के लिए प्रभावी आचार संहिता जरूरी

**जकार्ता।** भारत के ... संधि (यूएनसीएलओएस) के अनुरूप होनी चाहिए।साथ ही इसमें उन देशों के हितों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए जो चर्चा का हिस्सा नहीं हैं। मोदी ने कहा कि क्षेत्र के सभी देशों की हिंद-प्रशांत में शांति, सुरक्षा और समृद्धि में रुचि है। ऐसे में समय की मांग एक ऐसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की है, जहां यूएनसीएलओएस सहित अंतरराष्ट्रीय कानून सभी देशों पर समान रूप से लागू हो। जहां नौपरिवहन और ऊपर से उड़ान की स्वतंत्रता हो और जहां सभी के लाभ के लिए बेरोकटोक वैध व्यापार हो। भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य कठिन परिस्थितियों और अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। आतंकवाद, उग्रवाद और भू-राजनीतिक संघर्ष हम सभी के लिए बड़ी चुनौतियां हैं। इनका सामना करने के लिए बहुपक्षवाद और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पूरी तरह से पालन करना आवश्यक है। साथ ही सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को मजबूत करने के लिए सभी की प्रतिबद्धता और संयुक्त प्रयास भी आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि आज का युग युद्ध का नहीं है। वे यह बात पहले भी कह चुके हैं कि बातचीत और कूटनीति ही समाधान का एकमात्र रास्ता है।




**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने कोशी की प्रदेश सरकार को फिर किया बर्खास्त

**काठमांडू,।** कोशी प्रदेश की सरकार के विश्वास मत की प्रक्रिया को असंवैधानिक बताते हुए सर्वोच्च अदालत ने दूसरी बार मुख्यमंत्री को बर्खास्त कर दिया। विपक्षी दल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने असंवैधानिक तरीके से विश्वास का मत हासिल करने के कारण मुख्यमंत्री उद्धव थापा को पदमुक्त करने का आदेश दे दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि एक महीने पहले जिस असंवैधानिक तरीके से कोशी प्रदेश के मुख्यमंत्री उद्धव थापा ने विश्वास का मत हासिल किया था, उसी तरीके से फिर से इस बार भी विश्वास का मत लिया गया। कोर्ट के आदेश में मुख्यमंत्री थापा को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने की बात उल्लेख है।



सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में वर्तमान मुख्यमंत्री थापा को बर्खास्त ही नहीं किया है बल्कि विपक्षी दल के नेता हिक्मत कार्की को मुख्यमंत्री बनाने का परमादेश भी जारी किया है। कोर्ट ने संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए गठबन्धन की सरकार बनाने का प्रयास विफल होने के कारण सबसे बड़े दल होने के नाते नेपाल कम्यूनिष्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) के संसदीय दल के नेता हिक्मत कार्की को मुख्यमंत्री नियुक्त करने का आदेश भी दिया है। कार्की के पास एक महीने के भीतर सदन में विश्वास का मत हासिल करना होगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में वर्तमान मुख्यमंत्री थापा को बर्खास्त ही नहीं किया है बल्कि विपक्षी दल के नेता हिक्मत कार्की को मुख्यमंत्री बनाने का परमादेश भी जारी किया है।**